Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Saturday, 06 July 2024 ● Year : 02 ● Issue : 167 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

जो व्यक्ति अपना लक्ष्य तय नहीं कर सकता, वह जीत भी नहीं सकता।
-चाणक्य

Shweta Tiwari Recalls Kasautii...

SHARE

सेंसेक्स	:	79,996.60
निफ्टी	:	24,323.85

SARAFA

सोना	:	6,870
चांदी	:	97.70

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

भाजपा ने 24 राज्यों के लिए नियुक्त किए संगठन प्रभारी

NEW DELHI : लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संगठन में बड़ा फेर बदल किया है। शुक्रवार को पार्टी ने 24 राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशों के संगठन प्रभारियों और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई नियुक्तियों की घोषणा की है। पंजाब में विजयभाई रूपाणी को प्रभारी बनाया गया है। उत्तराखंड में दुष्यंत कुमार गौतम को प्रभारी और रेखा वर्मा को सह प्रभारी बनाया गया है। नागालैंड और मेघालय में अनिल एंटनी को प्रभारी बनाया गया है। झारखंड में लक्ष्मीकांत वाजपेयी को प्रभारी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में एमएलसी महेन्द्र सिंह को प्रभारी और सतीश उपाध्याय को सह प्रभारी बनाया गया है। ओडिशा में विजयपाल सिंह तोमर को प्रभारी बनाया गया है। यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। इसी तरह अन्य राज्यों में भी अलग-अलग नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

कुएं में गिरे पिता को बचाने उतरी पुत्री समेत 4 की मौत

KORBA : कोरबा जिले के कटघोरा थानांतर्गत ग्राम जुराली के डिपरा पारा में कुंआ में गिरे पिता को बचाने उतरी 16 वर्षीय पुत्री समेत चार लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना शुक्रवार दोपहर 1 बजे की है। मौके पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर अजय वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी मौजूद हैं। पुलिस के बताया कि मृतक के परिवारिक सूत्रों के अनुसार, बाड़ी में काम करने के दौरान ग्रामीण जहरू पटेल (60) कुंआ में गिर गया। जिसकी जानकारी होने पर पिता को बचाने के लिए उसकी पुत्री सपीना पटेल (16) कुएं में कूद गयी। इसके बाद परिवार के ही दो अन्य सदस्य शिवचरण उर्फ कलीराम पटेल (45) व मनबोध पटेल (57) भी कुंएं नीचे उतरे, लेकिन सभी की मौत हो गयी। पुलिस मौके पर पहुंच गयी है। एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई है।

अमृतपाल और रशीद ने ली लोकसभा सदस्य की शपथ

NEW DELHI : राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल में बंद अमृतपाल सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा सदस्य के तौर पर शपथ ली। वे खंडूर साहिब लोकसभा सीट से जीतें हैं। शपथ ग्रहण करने के लिए उन्हें चार दिन की पैरोल मिली थी। अब उन्हें वापिस असम की डिबरूगढ़ जेल ले जाया जा रहा है। इस बार चुनकर आए 539 सदस्यों ने लोकसभा के पहले सत्र में शपथ ग्रहण की थी। अमृतपाल के अलावा जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट से चुनकर आए शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद ने भी संविधान की शपथ ली। वे गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जेल में हैं।

ब्रिटेन चुनाव में हारे सुनक, कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी ने दर्ज की जीत

NEW DELHI (BHASHA) : ब्रिटेन के आम चुनाव में सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी की बड़ी हार हुई है। वर्ष 2005 के बाद पहली बार विपक्षी दल लेबर पार्टी ने प्रचंड जीत दर्ज की है। ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव हुए थे। लंदन में शुक्रवार को सूरज उगते ही चुनाव के नतीजे सामने आने लगे। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने अपनी विजय रैली में कहा कि 'आखिरकार इस महान देश के कंधों से एक बोझ हट गया है। परिवर्तन अब शुरू होता है।' लेबर पार्टी को भारी जीत दिलाने के बाद कीर स्टारमर देश के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। इसके साथ ही सुनक ने अपने इस्तीफे का भी एलान कर दिया है। 4 जुलाई 2024 को ब्रिटेन में 650 संसदीय सीटों के लिए मतदान हुआ। ये चुनाव यूनाइटेड किंगडम के सभी हिस्सों इंग्लैंड, उत्तरी आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में हुए। 5 जुलाई को ब्रिटेन चुनाव के नतीजे घोषित किए गए। इन चुनावों में कुल 392 पंजीकृत पार्टियां रहीं लेकिन मुख्य मुकाबला ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव और मुख्य विपक्षी नेता कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी के बीच हुआ। अब तक 650 में से 648 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं। पाटीवार नतीजे देखें तो विपक्षी लेबर पार्टी ने 412 सीटें जीत ली हैं। वहीं मौजूदा सत्ताधारी दल कंजर्वेटिव महज 121 सीटें जीती है। वहीं अन्य छोटे दलों की बात करें तो लिबरल डेमोक्रेट्स ने 71, स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) नौ, सिन फेन सात, डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डीयूपी) पांच और रिफॉर्म पार्टी ने चार सीटें जीती हैं। हालांकि, एक सीट पर पुनर्मतगणना के कारण चुनाव का अंतिम परिणाम शनिवार की सुबह तक घोषित नहीं किया जाएगा।

ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर

नए प्रधानमंत्री स्टार्मर ने देश के पुनर्निर्माण का किया वादा

लंदन ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री के रूप में कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को अपने पहले भाषण में आम चुनाव में लेबर पार्टी की भारी जीत के बाद देश के 'हृदय में निराशा' को ठीक करने और राष्ट्र के पुनर्निर्माण का वादा किया। आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री बनने के बाद स्टार्मर ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारा काम अत्यावश्यक है और हम इसे आज से ही शुरू कर रहे हैं।'

चुनाव में दिखी भारत की धमक, भारतीय मूल के कई नेताओं को मिली जीत

ब्रिटेन के आम चुनाव में भारतीयों की भी धमक देखने को मिली है। चुनाव में भारतीय मूल के 26 नेता हाउस ऑफ कॉमंस के लिए के लिए मनोनीत हुए हैं। ब्रिटेन में इस बार कई कंजर्वेटिव नेताओं को करारी हार का सामना करना पड़ा है। बावजूद ब्रिटिश भारतीय के रूप में ऋषि सुनक रिचमंड और नॉर्थलेर्टन सीटें बचाने में कामयाब रहे। सुनक के लिए इस चुनाव में यह राहत की बात रही। ऋषि सुनक ने रिचमंड और नॉर्थलेर्टन की जनता का आभार प्रकट किया है। अन्य भारतीय मूल के नेताओं की बात करें तो कंजर्वेटिव पार्टी के सुएला ब्रेवर्मन और प्रीति पटेल ने जीत हासिल की है। सुएला ब्रेवर्मन ने फेरेहम और वाटरलूइल सीटों से जीत हासिल की तो प्रीति पटेल, विथम लोकसभा सीट से जीतीं हैं। कंजर्वेटिव पार्टी के गगन मोहिंद्रा ने ने साइथ वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट पर जीत का परचम लहराया है। लीसेस्टर से सुनक की पार्टी की शिवानी राजा ने जीत हासिल की है। शिवानी राजा ने लेबर पार्टी के भारतीय मूल के नेता राजेश अग्रवाल को हराया है। वहीं लेबर पार्टी के कई भारतीय मूल के नेताओं को भी जीत मिली है। लेबर पार्टी की सीमा मलहोत्रा ने फेल्थम और हेस्टन लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। लेबर पार्टी वेलेरी वेज ने वॉल्सॉल और ब्लॉक्सविच लोकसभा क्षेत्रों से जीत हासिल की है। वहीं, लेबर पार्वी की लीसा नंदी को विगन लोकसभा सीट से जीत मिली है। लेबर पार्टी की प्रीत कौर गिल बर्मिंघम एजबेस्टन से जीत हासिल की है। इसके अलावा तन्मजीत सिंह ने स्लॉग लोकसभा सीट से जीत का परचम लहराया है। लेबर पार्टी ने नवेंदु मिश्रा ने स्टॉकपोर्ट और नादिया व्हिट्टोम ने नॉटिंघम ईस्ट सीट से लेबर पार्टी को जीत दिलाई है। ब्रिटेन के आम चुनाव में कई ब्रिटिश भारतीय नागरिकों ने नए चेहरों के रूप में लेबर पार्टी के टिकट पर जीत दर्ज की है। इनमें इफोर्ड साउथ से जस अथवाल, डर्बी साउथ से बैगी शंकर, साउथहेम्पटन टेस्ट सीट से सतवीर कौर, हदर्सफील्ड सीट से हरप्रीत उप्पल, वोल्वेरहेम्पटन वेस्ट से वरिंदर जस, स्मैथविक सीट से गुरिंदर जोसन, वेल ऑफ ग्लेमॉर्गन सीट से कनिष्का नारायण, इुडले सीट से सोनिया कुमार, वोल्वेरहेम्पटन नॉर्थ ईस्ट सीट से सुरीना ब्रेकनब्रिज, बोल्टोन नॉर्थ ईस्ट से किरिथ एंटविस्टल, लोफबोरोग सीट से जीवुन संधेर और एशफोर्ड सीट से सोजन जोसफ ने जीत हासिल की।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एनटीए ने कहा-

नीट-यूजी को रद्द करना सार्वजनिक हित के प्रतिकूल और हानिकारक

NEW DELHI (BHASHA) : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि विवादों से घिरी नीट-स्नातक 2024 परीक्षा को रद्द करना बेहद प्रतिकूल होगा और व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से इसे उत्तीर्ण करने वालों के करियर की संभावनाओं के लिए, काफी हानिकारक होगा।

शीर्ष अदालत में दायर एक याचिका के जवाब में दाखिल अपने हलफनामे में नीट-स्नातक की परीक्षा आयोजित करने वाले एनटीए ने कहा कि कथित घटना/लीक के प्रयास का 5 मई को आयोजित पूरी परीक्षा के संचालन पर कोई असर पड़ता नहीं दिखा है क्योंकि जांच एजेंसियों द्वारा इसमें शामिल पाए गए उम्मीदवारों की संख्या, परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की संख्या की तुलना में नगण्य है।

एनटीए ने कहा, 'उपर्युक्त कारक के आधार पर पूरी परीक्षा को रद्द करना, व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से योग्य उम्मीदवारों के करियर की संभावनाओं के लिए, अत्यधिक प्रतिकूल और हानिकारक होगा।'

एजेंसी ने कहा कि नीट-स्नातक 2024 परीक्षा बिना किसी अवैध गतिविधि के पूरी तरह से निष्पक्ष और गोपनीयता के साथ आयोजित की गई थी और 'सामूहिक कदाचार' का दावा पूरी तरह से अपुष्ट, भ्रामक है और इसका कोई आधार नहीं है।'

एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा पांच मई को राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) आयोजित की गई थी।

शीर्ष अदालत आठ जुलाई को विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जिनमें पांच मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा परीक्षा को नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिकाएं भी शामिल हैं।

इस परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक सहित कई अनियमितताओं के आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए तथा प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के बीच वाद-विवाद हुआ।

विदेशी चिकित्सा परीक्षा को लेकर बोर्ड ने किया आगाह

NEW DELHI : विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) से एक दिन पहले 'आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड' ने शुक्रवार को आगाह करते हुए कहा कि सोशल मीडिया समूह पैसे के बदले परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का वादा करके अभ्यर्थियों से धोखाधड़ी करने का प्रयास कर रहे हैं। एफएमजीई को विदेश से चिकित्सा में स्नातक की डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित किये जाने वाली 'स्क्रीनिंग परीक्षा' के नाम से भी जाना जाता है। बोर्ड ने एक नोटिस में कहा, 'कल के एफएमजीई के लिए प्रश्नपत्र अब भी तैयार किया जा रहा है।' विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा शनिवार को लगभग 50 शहरों में 71 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। यह देश में चिकित्सा के पेशे में उतरने की पात्रता हासिल करने के लिए एक स्क्रीनिंग परीक्षा है जिसमें विदेश से चिकित्सा स्नातक की डिग्री हासिल करने विद्यार्थी शामिल होते हैं।

11 अगस्त को होगी नीट-पीजी की परीक्षा बोर्ड का ऐलान

NEW DELHI : राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा - स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2024 की शुक्रवार को नई परीक्षा तिथि घोषित कर दी गई। इसके मुताबिक अब नीट-पीजी परीक्षा 11 अगस्त को होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएम) ने शुक्रवार को नीट-पीजी 2024 के आयोजन का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया। एनबीईएमएम के 22 जून के नोटिस के क्रम में नीट-पीजी परीक्षा के आयोजन को पुनर्निर्धारित किया गया है। नीट-पीजी 2024 अब 11 अगस्त को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित विसंगतियों को लेकर विवाद के बीच केंद्र ने निर्धारित तिथि से ठीक एक दिन पहले यानी 23 जून को नीट-पीजी परीक्षा भी स्थगित कर दी थी।

लातेहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता

दो इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

LATEHAR (AGENCY) लातेहार में शुक्रवार को दो बड़े माओवादी नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में भाकपा माओवादी संगठन के जोनल कमांडर नीरज सिंह खरवार और राजकुमार उर्फ सालमन गंझु शामिल है। दोनों पर 10-10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पलामू डीआईजी वाई एस रमेश, लातेहार डीसी गरिमा सिंह और एसपी अंजनी अंजन ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कमांडर नीरज सिंह खरवार पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जबकि राजकुमार गंझू लातेहार के बालूमाथ का रहने वाला है।

शुक्रवार को लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दोनों नक्सलियों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष आत्म समर्पण किया। बताया जाता है कि नीरज सिंह खरवार पिछले 20 वर्षों से माओवादी संगठन से जुड़कर विभिन्न प्रकार के नक्सली घटनाओं में शामिल रहा था। उस पर विभिन्न थाना क्षेत्र में 25 से अधिक नक्सली घटनाओं के मामले दर्ज हैं। वही राजकुमार गंझू पिछले 22 वर्षों से माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था।

आत्मसमर्पण झारखंड सरकार की सबसे बेहतरीन नीति : डीआईजी

मौके पर पलामू क्षेत्र के डीआईजी वाइएस रमेश ने कहा कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति सबसे बेहतरीन नीतियों में एक है। इसलिए प्रत्येक नक्सली को हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्म समर्पण नीति के तहत आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों को सभी प्रकार की सरकारी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। वहीं लातेहार डीसी गरिमा सिंह ने कहा कि नक्सलवाद और हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है।

15वें चीफ जस्टिस बने डॉ. बीआर सारंगी

झारखंड हाई कोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस के रूप में डॉ. बीआर सारंगी ने शुक्रवार को शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें राजभवन के बिरसा मंडप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद वह नए चीफ जस्टिस बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ उपस्थिति रहे।

राहुल पहुंचे हाथरस, भगदड़ पर एसआईटी ने योगी को सौंपी रिपोर्ट

नेता विपक्ष ने पीड़ितों के लिए मांगा अधिकतम मुआवजा

HATHRAS (AGENCY) : लोकसभा में नेता विपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को हाथरस भगदड़ कांड के प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। राहुल गांधी ने उनसे मिलकर उनका दर्द बांटा और साथ खड़े होने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशासन को इस घटना का दोषी करार देते हुए इस मामले को संसद में उठाने का भरोसा दिया। राहुल गांधी ने आगरा रोड विभव नगर नबीपुर खुर्द स्थित ग्रीन पार्क में सत्संग के दौरान भगदड़ में घायल और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। राहुल ने आशा देवी, मुन्नी देवी और ओमवती के परिवारीजनों से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पीड़ितों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हाथरस भगदड़ कांड में प्रशासन की कमी तो रही। गलतियां हुई हैं, उनका पता लगाना चाहिए।

आर्थिक मदद ज्यादा से ज्यादा मिलनी चाहिए। ये गरीब परिवार थे। मैं यूपी के सीएम से अनुरोध करता हूं कि वो दिल खोलकर आर्थिक मदद दें।

यूपी के सीएम को दी गई 15 पेज की रिपोर्ट

उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ मामले को लेकर एसआईटी की रिपोर्ट आ गई है। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज शुक्रवार सुबह सीएम योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पांच कालीदास मार्ग पहुंचे और मुख्यमंत्री से मिलकर एसआईटी की 15 पन्नों की रिपोर्ट सौंप दी हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 24 घंटे में इस रिपोर्ट को पेश करने के निर्देश दिए थे। एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर के नेतृत्व में रिपोर्ट तैयार की गई है।

न्यायिक आयोग की टीम आज जाएगी हाथरस

प्रदेश सरकार की ओर से सत्संग के बाद हुई भगदड़ घटना के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम 6 जुलाई को हाथरस आएगी। जांच आयोग की इस टीम में पूर्व आईएएस हेमंत राव, पूर्व आईपीएस भवेश कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। न्यायिक जांच आयोग की टीम सुबह 11 बजे हाथरस पहुंचेगी। सुबह 11 बजे से 12 बजे तक टीम के डीएम, एसपी व अन्य अधिकारियों से वार्ता करेगी।

मोदी की रूस यात्रा से पहले 35 हजार नई राइफलें रक्षा मंत्रालय को मिलीं, 25 फीसद पार्ट भारत में हुआ तैयार

अमेठी की फैक्ट्री में बनीं एके-203 असॉल्ट राइफलें

NEW DELHI (AGENCY) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस यात्रा पर जाने से ठीक पहले दोनों देशों के बीच एक संयुक्त उद्यम इंडो-रूसी राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) ने 35 हजार एके-203 असॉल्ट राइफलें रक्षा मंत्रालय को सौंप दी हैं। रूस के रोस्टेक राज्य निगम रोबोरोनएक्सपोर्ट ने शुक्रवार को कलाश्निकोव राइफलें सौंपने का आधिकारिक रूप से ऐलान किया। प्रधानमंत्री मोदी 08-10 जुलाई को रूसी संघ और ऑस्ट्रिया गणराज्य की आधिकारिक यात्रा करेंगे। वह 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। रूस के सहयोग से उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित कोरवा ऑर्डिनेंस फैक्टरी में एके-203 राइफलों का निर्माण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3 मार्च, 2019 को इस योजना का औपचारिक उद्घाटन किया था। लगभग एक दशक तक इंतजार के बाद अमेठी की इस आयुध फैक्टरी में पिछले साल जनवरी में एके-203 असॉल्ट राइफलों का उत्पादन शुरू हुआ था। एके-203 असॉल्ट राइफल 7.6239 मिमी कारतूस के लिए बनाई गई एके-200 राइफल का एक संस्करण है। इसी के साथ भारत विश्व प्रसिद्ध ब्रांड कलाश्निकोव की एके-200 सीरीज की असॉल्ट राइफलों का उत्पादन शुरू करने वाला पहला देश बन गया। अब इस फैक्टरी में तैयार 35 हजार असॉल्ट राइफलों की पहली खेप रक्षा मंत्रालय को सौंप दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा से ठीक पहले आईआरआरपीएल ने शुक्रवार को 35 हजार राइफलों का उत्पादन होने और भारतीय रक्षा मंत्रालय को हस्तांतरित करने औपचारिक घोषणा रूस के रोस्टेक राज्य निगम ने की है। रोबोरोनएक्सपोर्ट के महानिदेशक अलेक्जेंडर मिखेव ने एक बयान में कहा कि शुरूआत में तैयार होने वाली 7.62 39 एमएम कैलिबर की 70 हजार एके-203 राइफल्स में रूसी कलपुर्जे लगे होंगे लेकिन इसके बाद यह पूरी तरह से स्वदेशी हो जाएगी। राइफल्स का स्वदेशीकरण करने के लिए सभी आवश्यक उपकरण कोरवा आयुध कारखाने में भेज दिए गए हैं। प्रारंभिक बैच विभिन्न सेना इकाइयों को सौंप दिया गया है और अब बाद के बैचों का निरीक्षण करके उन्हें बहुत जल्द सौंप दिया जाएगा। रोस्टेक के महानिदेशक सर्गेई चेमेजोव ने कहा कि कहा कि भारत में निर्मित एके-203 राइफलों का मॉडल उत्कृष्ट एर्गोनॉमिक्स के साथ दुनिया में सबसे अच्छी अटैक राइफल्स में से एक है। फिलहाल इसमें 25 फीसद पार्ट भारत में तैयार किए हुए लगे हैं। एके-203 असॉल्ट राइफलों का उत्पादन शुरू होने के साथ ही आधुनिक छोटे हथियार भारत की रक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के इस्तेमाल में जल्द आ जाएंगे।

देश ने रक्षा उत्पादन में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की: राजनाथ सिंह

NEW DELHI : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 16.8 प्रतिशत बढ़कर 1,26,887 करोड़ रुपये रहा है। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सिंह ने कहा कि सरकार भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए अधिक अनुकूल व्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है जो पिछले वित्तीय वर्ष के उत्पादन के मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक है।'



पीएम की रूस यात्रा को लेकर बोले विदेश सचिव

तीन साल बाद हो रही भारत रूस शिखरवार्ता महत्वपूर्ण

NEW DELHI (AGENCY) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहु प्रतिष्ठित शिखरवार्ता 8-9 जुलाई को मास्को में होगी। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह नरेन्द्र मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। यूक्रेन संघर्ष तथा फिलिस्तीन संघर्ष के दौरान होने वाली इस यात्रा को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह इस बात को भी दशार्ता है कि वर्तमान सरकार रूस के साथ भारत के संबंधों को कितना महत्व देती है। प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा से पूर्व विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के विषयों पर चर्चा होगी। यूक्रेन संघर्ष और इससे पड़ने वाले प्रभावों पर दोनों नेताओं के बीच अकेले में बातचीत होगी और इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। उनकी बातचीत में रक्षा, निवेश संबंधों, ऊर्जा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की समीक्षा होगी।



BRIEF NEWS

राज्यपाल ने विधानसभा के विशेष सत्र को दी मंजूरी

RANCHI : राजपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आठ जुलाई को आहूत करने के लिए मंजूरी दे दी है। विधानसभा का विशेष सत्र पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगा। इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुमत साबित करेंगे। एक दिन चलने वाले विशेष सत्र के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

रामगढ़ शहर में कर्णधार संस्था ने लगाए 251 पौधे

RAMGARH : कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था ने आज 251 पौधे लगाए। इसके साथ शहर के गढ़बांध के समीप शुक्रवार को 'धरती जल रही है' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को पौधरोपण की महत्ता और पर्यावरण में आए बदलाव की जानकारी दी गई। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने 1001 पौधे लगाने का संकल्प लिया। अध्यक्ष जयदीप सोनी ने कहा कि आज संस्था की तरफ 251 पौधों का रोपण हुआ।

आकांक्षी प्रखंड किस्को में संपूर्णता अभियान शुरू

LOHARDAGA : आकांक्षी प्रखण्ड किस्को में तीन माह तक चलने वाले संपूर्णता अभियान की आज शुरूआत हुई। इस दौरान उच्च विद्यालय किस्को एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ बनुश्री वेल पांडियन ने कहा कि जनता के सहयोग से ही आकांक्षी कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत चयनित किस्को प्रखण्ड में निर्धारित इंडिकेटर्स को लेकर किए गए कार्यों को बताया। साथ ही आगामी दिनों में होने वाले कार्यों की रूपरेखा की जानकारी दी।

अव्यवस्था के कारण शांति समिति की बैठक स्थगित

PALAMU : मोहर्रम को लेकर मेदिनीनगर शहर थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई। व्यवस्थित तरीके से बैठक का आयोजन नहीं होने और मौके पर बड़े अधिकारियों और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी की गैर मौजूदगी रहने के कारण बैठक का बहिष्कार किया गया। शुक्रवार की शाम पांच बजे से शहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रखी गई थी।

निलंबित आईएएस से जुड़े मामले में हुई गवाही

RANCHI : मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले में पीएमएलए कोर्ट में शुक्रवार को गवाही दर्ज हुई। ईडी की ओर से जारी गवाह पंतजलि मिश्रा की गवाही दर्ज की गई। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष की ओर से जिरह किया गया। गवाह ने ईडी को दिए बयान को कोर्ट में कहा। गवाही के दौरान जेल में बंद पूजा सिंघल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति होकर सुन रही थीं।

रामगढ़ पहुंचे शिवराज सिंह चौहान, बोले- सत्ता के भूखे हेमंत ने चम्पाई को हटाया

झामुमो-कांग्रेस ने झारखंड को अंधकार में धकेला, अब होगा अंत

PHOTON NEWS RAMGARH : झारखंड के रामगढ़ जिले के हथमारा गांव स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने पूरे प्रदेश को अंधकार में धकेल दिया है। एक वादा पूरा नहीं हुआ। बेरोजगारों की सुध लेने वाला कोई नहीं। शिवराज ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। छह महीने से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ। जिन योजनाओं की घोषणा हुई, इसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा। किसान त्रस्त हैं। बिजली कटौती चरम पर है। अब ऐसे कुशासन का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड में सुशासन लाएगी और यहां की जनता ने भी अब यह मन बना लिया है। चुनाव प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में 14 में नौ सीटें भारतीय जनता पार्टी और उनके गठबंधन की पार्टी ने जीती है जबकि 52 विधानसभा सीटों पर भाजपा और गठबंधन दल को बढ़त मिली है। यहां की जनता अराजकता के बीच जी रही है। शिवराज ने हेमंत सोरेन को सत्ता का भूखा कहा। उन्होंने कहा कि जिस आदिवासी नेता चम्पाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद पर आसीन किया उन्हें वह कुछ और महीने बर्दाश्त नहीं कर पाए। इससे हेमंत सोरेन ने यह साबित कर दिया कि परिवार के अलावा कोई और इस सत्ता के बीच नहीं आना चाहिए।

बैठक में उपस्थित शिवराज सिंह चौहान व भाजपा के अन्य नेता। ● फोटोन न्यूज

विचारधारा आत्मा है तो कार्यकर्ता प्राण

शिवराज ने कहा कि भाजपा की विचारधारा इसकी आत्मा है और कार्यकर्ता उसके प्राण हैं। उन्हें सम्मान देना हमारा स्वभाव भी है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कार्यकताओं के बीच जाता हूं और उनके साथ ही नाश्ता और भोजन करता हूं। मेरा सौभाग्य है कि झारखंड की इस पवित्र धरा पर आने का अवसर मिला। इसी संकल्प के साथ कार्यकताओं के बीच आया हूं। सहज, सरल और परिश्रमी इन्हीं कार्यकताओं के बल पर हम यहां भाजपा की सरकार बनाएंगे।

भाजपा कार्यालय में किया पौधारोपण

केंद्रीय कृषि मंत्री प्रभारी शिवराज सिंह चौहान रामगढ़ के हाथमारा में स्थित भाजपा कार्यालय में पौधारोपण किया। मौके पर उनके साथ हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और पार्टी के कई पदाधिकारी शामिल थे। पार्टी कार्यालय पहुंचते ही शिवराज सिंह चौहान ने सभी लोगों का अभिवादन किया और बैठक की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की। यहां लगभग दो घंटे तक वह पार्टी के पदाधिकारी से बात करेंगे और झारखंड में होने वाले चुनाव की तैयारी पर चर्चा करेंगे। प्रखंड और बूथ स्तर पर चुनाव लड़ने की पूरी रणनीति बनाई जा रही है। झारखंड विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए एक बड़ी चुनौती है।

सेप्टिक टैंक के गैस रिसाव से चार छात्राएं हुईं बेहोश

अस्पताल में भर्ती छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS PALAMU : प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत कोलझिंकी गांव में सेप्टिक टैंक से गैस रिसाव होने से उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी की चार छात्राएं बेहोश हो गईं। घटना शुक्रवार दोपहर की है। बेहोश होने की सूचना मिलते ही स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल इसकी सूचना अनुमंडल प्रशासन को दी। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेंब्रम, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक एवं अनुमंडल अस्पताल की डीएस डॉ. सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने आनन-फानन में स्कूल पहुंचकर बीमार बच्चियों की स्वास्थ्य जांच की। स्कूल में ही बच्चियों को स्लाईन चढ़ाया गया और दवा दी गई, जिसके बाद सभी के सेहत में सुधार हुआ। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कूल के बगल में स्थित इम्तेयाज अंसारी की सेप्टिक टैंक से निकली गैस के कारण उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी में अध्ययनरत चार छात्राएं बेहोश हो गई। स्कूल पहुंचे कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेम्ब्रम ने घटना की विस्तृत जांच की। कार्यपालक दंडाधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बच्चियों की स्थिति अब ठीक है।

विधायक ने दी 61 छात्र छात्राओं को साइकिल

साइकिल के साथ छात्राएं व अन्य। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RAMGARH : रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय के राजकीय मध्य विद्यालय में शुक्रवार को कल्याण विभाग से 61 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा छात्रों को सांकेतिक रूप से यह साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाना है। खासकर छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है। अभी तो ये मध्य विद्यालय में है और सरकार इन्हें प्रोत्साहित कर रही है। यह बच्चियां बेहतर शिक्षा हासिल कर देश के उज्जवल भविष्य में अपना योगदान देगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख करुणा देवी, कुंदरुकला मुखिया किशुन राम मुंडा, बारलोंग मुखिया रेखा देवी, आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष उत्तम पासवान, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, जीतू मिश्रा, नंदू महतो मौजूद थे।

मालवाहक ट्रक से लाखों की अवैध शराब जब्त

GIRIDIH : उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार को पपरवाटांड़ नगर निगम टोल टैक्स के समीप अवैध शराब लदे एक मालवाहक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में धान की भूसी में छुपाकर लाखों रुपये मूल्य की इम्पेरियम ब्लू ब्रांड की सौ के करीब पेटियां रखी थीं। टीम ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है।इस संबंध में उत्पाद अवर निरीक्षक कुमार महेंद्र देवगम ने बताया कि उत्पाद अधीक्षक के निदेर्शानुसार यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि डुमरी तरफ से अवैध शराब लदा एक ट्रक गिरिडीह की ओर आ रहा है। सूचना पर मुफसील थाना क्षेत्र के पपरवाटांड रोड में टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोक कर तलाशी लिया। छापेमारी दल में उत्पाद अवर निरीक्षक कुमार महेंद्र देवगम, मनीष कुमार, हवलदार राम बच्चन प्रसाद, अजय कुमार सिंह, भगवान राय, सुरेंद्र यादव थे।

डीसी ने एमआरएमसीएच का किया निरीक्षण बोले- एमडी पीडियाट्रिक्स की जल्द होगी बहाली

निरीक्षण करते उपायुक्त शशि रंजन व अन्य। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS PALAMU : उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमआरएमसीएच) का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने नये अस्पताल भवन के साथ साथ सभी वार्डो का जायजा लिया। सफाई एवं समय पर डाक्टरों की उपस्थिति देखी। हालांकि, उपायुक्त ने कई असुविधाओं को भी देखा और सुधार करने के लिए निर्देशित किया। उपायुक्त ने करीब 45 मिनट तक पूरे अस्पताल परिसर का जायजा लिया। उनके साथ जिले के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार, डा. आरके रंजन, डीपीएम दीपक कुमार सहित अन्य डाक्टर एवं कर्मी मौजूद थे। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कहा कि ऑपरेशन थियेटर एक है, उसको तीन में कनवर्ट किया जा सकता है। आइसीयू और पीएसीयू की सुविधा बढ़ायी जा सकती है। इसके लिए तैयारी की जा रही है। एमआरएमसीएच में एमडी पीडियाट्रिक्स की आवश्यकता महसूस की गयी है। डीएमएफटी से एक डाक्टर को ट्रेनिंग कराकर परमानेंट उसे एमडी पीडियाट्रिक्स के रूप में बहाल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में अनावश्यक रूप से दिनभर जमा रहने वाले लोगों एवं अस्पताल में भर्ती मरीज को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों में ले जाने पर जल्द एक्शन लिया जायेगा। कोई भी एक्स्ट्रा आदमी अस्पताल में अनावश्यक रूप से मौजूद नहीं रहेगा। मौके पर मौजूद सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि उपायुक्त ने असुविधाओं को देखकर उसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। सफाई और डाक्टरों की उपस्थिति पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। शिशुओं, बच्चों और किशोरावस्था की चिकित्सा देखभाल से संबंधित कार्य के लिए एमआरएमसीएच में एमडी पीडियाट्रिक्स की बहाली होगी। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित हर चीज से निपटना आसान हो जायेगा। यदि दो साल तक एमडी पीडियाट्रिक्स रह जाते हैं तो यहां इसकी पढाई भी शुरू हो जायेगी और पीजी की क्लास भी शुरू हो जायेगी। उन्होंने कहा कि 15 से 20 दिनों में और परिवर्तन देखने को मिलेगा।

अलग हुआ झारखंड, लेकिन अबतक पूरा नहीं हुआ सपना : जयराम महतो

जयराम महतो का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RAMGARH : झारखंड राज्य को अलग बनाने का एक उद्देश्य था, जिसके लिए वर्षों तक आंदोलन हुआ लेकिन 24 वर्षों के बाद भी झारखंड के निवासियों का सपना पूरा नहीं हो सका। यहां ना तो स्थानीय नीति बनी और ना ही विस्थापन नीति तैयार हो सकी। यह बात शुक्रवार को रामगढ़ के बरकाकाना में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख जयराम महतो ने कही। महतो ने कहा कि दुर्भाग्य यह है कि झारखंड में आज तक उद्योग नीति, नियोजन नीति गंभीरता से काम नहीं किया गया। यही वजह है कि यहां के मूलवासी आज भी दर-दर के ठोकरे खा रहे हैं। उन्होंने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के उद्देश्यों के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 झारखंड के लिए काफी अहम साबित होने वाला है। आज यहां कार्यकर्ता सम्मेलन है लेकिन इसमें झारखंड किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष पंकज महतो, आजसू पार्टी के हजारीबाग के जिला सचिव कपिलदेव महतो, हाई कोर्ट अधिवक्ता शिव प्रसाद महतो, ज्योति महतो तथा अन्य दल के लोगों ने भी समर्थकों के साथ जेबीकेएसएस का दामन थामा है। लोग बड़ी उम्मीद के साथ पार्टी की विचारधारा से लोग जुड़ रहे हैं। निश्चित तौर पर 2024 एक बदलाव का संकेत है। समारोह की अध्यक्षता संजीव साहू ने की और संचालन देवानंद महतो ने किया। में केंद्रीय फरजान खान, रवि महतो, राजेंद्र बेदिया, पनेश्वर महतो, संतोष टिडुवार, लीलावती महतो, रूपा महतो, शैल देवी, पवन महतो, रमेश कुमार महतो, बिहारी महतो, डॉ. राजेश महतो शहीद कई लोग मौजूद थे।

धोनी से धोखाधड़ी मामले में हाजिर नहीं हुए आरोपी

RANCHI : पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी से धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले में सिविल कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। समन जारी होने पर भी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय की अदालत में अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और उसकी पत्नी सौम्या दास ने उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। अदालत ने अगली उपस्थिति की तिथि 20 जुलाई निर्धारित की है। उस दिन स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में पक्ष रखने को कहा है। अदालत ने पिछली सुनवाई में आरोपितों के खिलाफ पर्याप्त सबूत रहने के कारण संज्ञान लिया था। दोनों आरोपितों पर धोखाधड़ी करके धोनी को 15 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप है। धोनी की ओर से सीमांत लोहानी ने शिकायतवाद दर्ज कराया है।

पशुपालकों को योजनाओं से जोड़ें पदाधिकारी : डीसी

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी चंदन कुमार । ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RAMGARH : कृषि एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी किसानों और पशुपालकों के साथ जुड़े। उन्हें योजनाओं का लाभ दें, साथ ही विभाग के साथ उनके संबंध और बेहतर बनाने का प्रयास करे। यह बातें कृषि एवं संबद्ध विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान डीसी चंदन कुमार ने कही। समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम डीसी ने जिला पशुपालन कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध ज्यादा से ज्यादा लोगो को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिला गव्य विकास पदाधिकारी को भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। डीसी ने पशुपालन पदाधिकारी डॉ कमलेश पिंगले को जिला एनिमल अस्पताल निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया।

हेमंत सोरेन के तीसरी बार सीएम बनने पर दी बधाई

RANCHI : शुक्रवार को झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने हेमंत सोरेन के तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। कहा कि झंझावातों से सबक लेकर अब हेमंत सोरेन को राज्य के गरीब गुरबा खासकर झारखंडी समाज के अंतिम पायदान पर बैठी जनता को संवैधानिक अधिकार दिलाने तथा राज्य की कल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़कर लाभान्वित कराने का काम करना चाहिए। बेरोजगारो को रोजगार दिलाने के लिए सभी खाली पड़े पदों को भर कर वादा को पूरा करना चाहिए। जिस तरह भाजपा द्वारा उनके खिलाफ किए गए षड्यंत्र को उन्होने ध्वस्त कर अपने को निखारते हुए कर एक संघर्षशील नेता के रूप में जो आपने पहचान बनाई है, वह काबिले तारीफ है।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में बोले सांसद- खिलाड़ियों को दी जाएगी सभी तरह की सुविधाएं

हॉकी का हब बनेगी खूंटी : कालीचरण मुंडा

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सांसद व अन्य। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS KHUNTI : मुरहू प्रखंड की रूमुतकेल पंचायत के सोकोय खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो गया। समापन समारोह में स्थानीय सांसद कालीचरण मुंडा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सांसद के सोकोय पहुंचते ही उनका पारंपरिक ढ़ंग से स्वागत किया गया। खेल के पूर्व सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल के प्रति उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि खेल हमें जीने के तरीके सिखाता है। इसके नियमों को अपने जीवन मे भी उतारना चाहिए। जिस तरह खिलाड़ी मैदान में अंतिम क्षण तक हार नहीं मानते, जीतने के लिए संघर्ष करते हैं, उसी प्रकार हमें अपने जीवन में भी जीत के लिए अंतिम समय तक संघर्ष करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। प्रतियोगिता की भावन जागृत होती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे भी खेल संसाधनों की कमी के बावजूद खिलाड़ी जिस तरह खेल दिखाते है काबिले तारीफ है। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य के लिए तन और मन को सौंदर्यता का बोध कराने की एक मजबूत कड़ी हैं। खेल को खेल भावना और अनुशासित होकर खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल को हमेशा अनुशासन में रहकर खेलें। खेल में जीत या हार महत्वपूर्ण नही होता, खेल को खेल के भावना से खेलना महत्वपूर्ण होता है। सांसद ने कहा कि खूंटी के खिलाड़ियों में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है। युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए में हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा, खेल को बढ़ावा देने के लिये सांसद निधि से कार्य करूंगा और खिलाड़ियों को मजबूत करूंगा। खूंटी को खेल का हब बनाने का पुरजोर प्रयास करूंगा। खेल समाप्ति के पश्चात विजेता टीम को सांसद ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सोकोय गांव में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में सांसद गंवई अंदाज में पहुंचे। माथे पर सफेद पगड़ी, पैरों में हवाई चप्पल, टी-शर्ट और साधरण पैंट पहनकर सांसद कालीचरण मुंडा ग्रामीणों के बीच नजर आए।

जल, जंगल और जमीन की रक्षा का लिया संकल्प

KHUNTI : कोयलकारो जनसंगठन की 29वीं वर्षगांठ के मौके पर हजारों ग्रामीणों ने तपकरा में सकंल्प सभा का आयोजन कर जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प लिया। तपकारा और आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों ने जल, जंगल व जमीन की रक्षा की रक्षा के नारे लगाये। कार्यक्रम के पूर्व तपकरा बलिदान स्थल पर तपकरा गोलीकांड में मारे गए बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई। सभा को संबोधित करते हुए झामुमो नेता सुदीप गुड़िया ने कहा कि कोयलकारो जनसंगठन के साथियों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने का जो वादा किया था, उसे जान देकर निभाया। झारखंड उलगुलान संघ के संयोजक एलेस्टर बोदरा ने कहा कि यह आंदोलन हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि महाविनाशकारी कोयलकारो परियोजना का अपार जनसमूह द्वारा एकजुट होकर किए गए विरोध की जीत है कि ये योजना रुक गई।

आपसी समन्वय व भाईचारे के साथ निकलेगा मुहर्रम जुलूस

बैठक करते इमाम बख्श अखाड़ा के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को इमाम बख्श अखाड़ा के तत्वाधान में मधुबन मार्केट में इमाम बख्श अखाड़ा के अंतर्गत आने वाले सभी अखाड़ा, प्रमुख खलीफा मोहम्मद महजूद और सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के सरपरस्त जनाब मोहम्मद सईद की सरपरस्ती में इमाम बख्श अखाड़ा के तमाम खलीफाओं की एक आवश्यक बैठक हुई। इसमें इमाम बख्श अखाड़ा के अधीन निकाले जाने वाले मोहर्रम के जुलूस से संबंधित तमाम खलीफा एवं उनके पदाधिकारी उपस्थित हुए। सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष 2024 के मोहर्रम का जुलूस आपसी सौहार्द के साथ इमाम बख्श अखाड़ा के तत्वाधान में निकाला जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद सईद, अकील उर रहमान, मोहम्मद इस्लाम, आफताब आलम, मो असलम, अफरोज आलम, खलीफा मोहम्मद महजूद, मोहम्मद तौहीद, मो इकराम पप्पू, मो इकबाल, सरवर खान व अन्य उपस्थित थे।

BRIEF NEWS

सीएम ने मां बगलामुखी मंदिर में की पूजा-अर्चना



RANCHI : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ शुक्रवार को महात्मा गांधी मार्ग (काली स्थान रोड) रांची स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर शीश नवाया। मौके पर मुख्यमंत्री ने मां बगलामुखी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की।

बोकारो स्टील सिटी ट्रेन दो दिन रहेंगी रद्द

RANCHI : लिंक रेक के रद्द होने की वजह से ट्रेन संख्या 08695/08696 बोकारो स्टील सिटी-रांची- बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर ट्रेन रद्द रहेगी। शुक्रवार को रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बोकारो स्टील सिटी - रांची - बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर ट्रेन पांच और छह जुलाई को रद्द रहेगी।

राज्यपाल से केंद्रीय मंत्री ने की मुलाकात

RANCHI : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राजभवन में मुलाकात की। दोनों की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया।

विधायक ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

RANCHI : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान महतो ने विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा । राज्यपाल को दिए गए ज्ञापन में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद, सिंदरी विधान सभा अंतर्गत बलियापूर प्रखंड में अवस्थित पर्जन्य बी.एड कॉलेज से संबंधित विषयों को आकृष्ट करने के साथ राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गोमिया में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी का अध्ययन केंद्र स्थापित करने एवं गोमिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया, कसमार तथा पेटरवार प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों को उत्क्रमित करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

लक्ष्मीकांत फिर बनाए गए भाजपा के झारखंड प्रभारी

RANCHI : झारखंड में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा इसके लिए रणनीति बनाने में जुट गई है। इस बीच शुक्रवार को भाजपा ने उत्तर प्रदेश के दिग्गज नेता लक्ष्मीकांत वाजपेयी को एक बार फिर से झारखंड का प्रभारी बनाया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड समेत विभिन्न प्रदेशों में प्रदेश प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है।पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी को 2022 में भी झारखंड भाजपा का प्रभारी बनाया गया था।

निपुण समागम झारखंड का ओवरऑल चैंपियन बना धनबाद, बोले शिक्षा सचिव-

बच्चों के ड्रॉपआउट को रोकने के लिए पठन-पाठन को बनाएं रोचक

- निपुण भारत मिशन के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- राज्य के 24 जिलों के 450 शिक्षकों और हजारों स्कूली बच्चों ने लिया भाग
- कार्यक्रम में गैर सरकारी संगठनों की भी शिरकत

कार्यक्रम का उद्घाटन करते उमाशंकर सिंह व अन्य। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : निपुण भारत मिशन के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में इंडिया पार्टनरशिप फॉर अर्ली लर्निंग (आईपीईएल)-एफएलएन पीएमयू के सहयोग से शुक्रवार को प्रभात तारा मैदान में एक दिवसीय राज्यस्तरीय निपुण समागम झारखंड का आयोजन किया गया।

इसमें राज्य के 24 जिलों से 450 शिक्षकों, दस गैर सरकारी समूहों के प्रतिनिधियों एवं हजारों स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इस समागम का उद्घाटन राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने एक से पांच तक की कक्षा में नामांकित बच्चों के रिटेंशन और ड्रॉपआउट को रोकने के लिए पठन-पाठन को रोचक और मनोरंजक बनाने के साथ साथ स्कूलों के शैक्षणिक वातावरण को उत्साहवर्धक बनाने का आग्रह किया। साथ ही बच्चों के लिए उनकी क्षेत्रीय एवं मातृभाषा में उन्हें टीएलएम सिखाने पर जोर दिया, जिससे बच्चों में बेहतर समझ विकसित हो। सचिव ने कहा कि टीएलएम को प्रभावी बनाने के लिए इसका निरंतर अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सभी 24 हजार प्राथमिक विद्यालयों को ध्यान में रखते हुए टीएलएम को उत्कृष्ट बनाकर बच्चों को इसका लाभ देने की दिशा में झारखंड शिक्षा परियोजना कार्य करे। साथ ही कहा कि निपुण समागम की तरह कार्यक्रम नियमित अंतराल में होते रहने चाहिए। आज जिन प्रशीक्षित शिक्षकों ने राज्यस्तरीय निपुण समागम में अपने हुनर का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, इन्ही शिक्षकों की सहायता से जेसीईआरटी के माध्यम से राज्य के प्रत्येक जिलों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित कराकर शिक्षकों को टीएलएम बनाने का हुनर सिखाया जा सकता है। झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों ने जिस प्रतिभा का निपुण समागम में प्रदर्शन किया है, वह मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष अब निपुण समागम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही हर विद्यालय में एक कमरा टीएलएम रूम के रूप में स्थापित होगा ताकि एक से पांच वर्ग के बच्चों को उनकी मातृ, क्षेत्रीय, जनजातीय भाषा में भाषा एवं संख्यात्मकता का ज्ञान मिल सके। उन्होंने कहा कि इस राज्यस्तरीय आयोजन से पहले जिला एवं प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेले में जिन शिक्षकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, उनकी भी जितनी सराहना की जाए कम है।

कार्यक्रम के लिए इवेंट टीम का होगा गठन : उपायुक्त

PHOTON NEWS RANCHI : डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय में 9 से 10 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में प्रस्तावित राज्य स्तरीय समारोह को लेकर बैठक की। कार्यक्रम का आयोजन भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में किया जायेगा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम के लिए कोषांग और इवेंट टीम का जल्द गठन करने की बात कही गई। डीसी ने आयोजन स्थल पर पिछले वर्ष के अनुभवों के साथ और बेहतर तैयारी किस प्रकार हो इस पर मंथन किया। कार्यक्रम के दौरान यहां लगने वाले स्टॉल, फूड स्टॉल, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था अन्य सभी व्यवस्था, दूसरे जिलों से कार्यक्रम में शामिल होने आये कलाकारों के भोजन, पानी, रहने की व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस पर दो दिवसीय जनजातीय महोत्सव में अन्य राज्यों की जनजातीय संस्कृति, संगीत, नृत्य, साहित्य, इतिहास, कला एवं हुनर, उनकी अलग-अलग आर्थिक क्रिया, खेलकूद क्षेत्र की विशेषताओं के समायोजन पर भी चर्चा की गयी। डीसी ने कहा कि यह कार्यक्रम झारखंड की लोक संस्कृति, यहां के लोगों की ऐतिहासिक विरासत को विश्व के मानचित्र पर दिखाने के लिए बहुत बड़ा माध्यम है। इसके लिए इसे भव्य बनाने के लिए हर व्यवस्था बेहतर कराने को लेकर तैयारी शुरू करने को कहा। लोग दूसरे देशों की जनजातीय संस्कृति को देख सकें इसके लिए डीसी ने कार्यक्रम के दौरान एक प्रदर्शनी लगाने को कहा। जिससे झारखंड और अन्य राज्यों से आए लोग दुनिया के कई देशों की जनजातीय संस्कृति से रूबरू हो सकें। डीसी ने कहा कि कार्यक्रम के स्वरूप में नवीनता लाने का प्रयास करें। इसके लिए दूसरे देशों के जनजातीय समूह को भी इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल करने का प्रयास करें।

सरसंघचालक मोहन भागवत आठ जुलाई को आएंगे रांची

RANCHI : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रांत प्रचारकों की तीन दिवसीय बैठक 12, 13 एवं 14 जुलाई को राजधानी रांची में होगी। बैठक में शामिल होने के लिए सरसंघचालक आठ जुलाई को रांची पहुंचेंगे। बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित अन्य वरिष्ठ शामिल होंगे। साथ ही मई-जून में संपन्न संघ के प्रशिक्षण वर्गों की लगभग दो माह की श्रृंखला के पश्चात देशभर के सभी प्रांत प्रचारक इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। संघ की संगठन योजना में कुल 46 प्रांत बनाये गए हैं। यह जानकारी शुक्रवार को विश्व संवाद केन्द्र के प्रमुख संजय कुमार आजाद ने दी। बैठक में सभी सहसरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, सीआर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित कार्यकारिणी के सदस्य हिस्सा लेंगे।

सीआईडी डीएसपी से चेन छिनतई में चार गिरफ्तार

गिरफ्तार अपराधियों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : सीआईडी की डीएसपी सरिता मुर्मू के गले से सोने की चेन छिनैती मामले में रांची की कोतवाली थाना पुलिस ने तीन आरोपितों सहित एक सराफा दुकानदार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11 हजार 500 रुपये नकदी और सोने का चेन बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में लोअर बाजार थाना निवासी फरहान अंसारी, मो. जाहिद खान, लालपुर थाना निवासी राजेश सोनी और सराफा दुकानदार मुकेश कुमार शामिल हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 25 जून को कोतवाली थाना क्षेत्र के कचहरी चौक के पास सीआईडी डीएसपी के गले से सोने की चेन छिनकर दो बाइक सवार फरार हो गये थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम (एसआईटी) टीम का गठन किया गया। एसएसपी ने बताया कि टीम ने अनुसंधान के क्रम में दो बदमाशों फरहान अंसारी और मो. जाहिद खान को गिरफ्तार किया। इनके पास से लूटे हुए चेन को बेचने से मिली कुल 11 हजार 500 रुपये बरामद कर जब्त कर लिया गया।

अब महिलाओं को मिलेंगे एक हजार रुपये प्रतिमाह

RANCHI : राज्य में महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री बहन-बेटी मई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गयी है। कैबिनेट के फैसले के बाद महिला, बाल विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये प्रोत्साहन मिलेगा। इसका लाभ 21 से 50 वर्ष की उम्र वाली गरीब महिलाओं को दिया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए योग्यता भी तय की गयी है। आर्थिक लाभ प्राप्त करने लिए आवेदिका का पहचान पत्र, आधार कार्ड, परिवार का अंत्योदय अन्न योजना कार्ड, पीला रंग का राशन कार्ड, गुलाबी कार्ड या सफेद राशनकार्ड धारी को इसका लाभ मिलेगा। इनकम टैक्स भरने वाले, सरकारी नौकरी करने वाले परिवार को इसका लाभ नहीं मिलेगा। ईपीएफ धारी महिला इस योजना की पात्र नहीं होगी। अन्य किसी योजना से पेंशन पा रही महिला को भी इसका लाभ नहीं मिलेगा।

आभूषण व्यवसायी के हत्यारोपी का पोस्टर जारी

50 हजार का इनाम घोषित

सीसीटीवी में कैद आरोपी की तस्वीर।

PHOTON NEWS RANCHI : पुलिस ने शुक्रवार को आभूषण व्यवसायी राजेश पॉल की हत्या के मुख्य आरोपी का पोस्टर जारी किया। इसके ऊपर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया गया है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि लगातार प्रयास के बावजूद अब तक राजेश पॉल के हत्यारे की पहचान नहीं हो पाई है। ऐसे में अब उसका पोस्टर जारी किया गया है, ताकि उसकी पहचान की जा सके। डीएसपी ने बताया कि राजेश पॉल की हत्या में शामिल अपराधी के बारे में सूचना देने वाले व्यक्ति को 50 हजार का इनाम दिया जाएगा और उसकी पूरी पहचान गुप्त रखी जाएगी। डीएसपी बताया कि अरविंद ज्वेलर्स में लूट कांड को अंजाम देने वाले आरोपितों की तलाश में रांची पुलिस ने अब तक दूसरे राज्यों में छापेमारी कर चुकी है लेकिन पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। अपराधी का सीसीटीवी फुटेज हासिल होने के बावजूद उसकी पहचान नहीं हो पाई है। उल्लेखनीय है कि सात जून, 2022 को रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र में स्थित अरविंद ज्वेलर्स को अपराधियों ने दिनदहाड़े लूटने का प्रयास किया था। घटना के वक़्त अरविंद ज्वेलर्स के मालिक और अपराधियों के बीच जमकर हाथापाई हुई थी। इसके बाद अपराधियों ने अरविंद ज्वेलर्स के मालिक राजेश पॉल को गोली मार दी थी। इससे राजेश की मौत हो गई थी।

बिरसा कारागार में कैदी ने बाथरूम में की खुदकुशी

RANCHI : राजधानी के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) में एक विचाराधीन कैदी ने शुक्रवार को बाथरूम में खुदकुशी कर ली। मृत कैदी का नाम सोमरा उरांव बताया गया है। वह साल 2017 से ही रांची जेल में बंद था। उस पर दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने का आरोप था।मिली जानकारी के अनुसार सोमरा उरांव बाथरूम गया था। काफी देर तक जब वह बाथरूम से बाहर नहीं निकला तब दूसरे कैदियों ने अंदर जाकर देखा तो वह बाथरूम की खिड़की पर फंदे के सहारे लटका हुआ था। जेल प्रशासन से मामले की जानकारी मिलने के बाद खेलगांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल कर शव को मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतक सोमरा उरांव झारखंड के लोहरदगा जिला का रहने वाला था। उसपर दहेज हत्या का आरोप था।

किक बॉक्सिंग में स्वर्ण जीतने वाले छह खिलाड़ी सम्मानित

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के छह खिलाड़ियों को नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने के लिए खेल मंत्री हफीजुल हसन ने शुक्रवार को सम्मानित किया गया। जिन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, उनमें अपूर्बो मुखर्जी, तुषार कुमार सिंह, सक्षम कुमार, सचिन कुमार, हर्षदीप सिंह, कृष सिन्हा शामिल हैं। बता दें कि इन खिलाड़ियों ने 10 से 14 जून तक सिलीगुड़ी में आयोजित नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। हफीजुल हसन से सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में सभी प्रकार का सहयोग देना का आश्वासन दिया। इस उपलब्धि पर झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोशिएशन के अध्यक्ष बीसी ठाकुर व सेक्रेटरी ओवैस आर्फत, सह-अध्यक्ष फरीद खान, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

डॉ. सरफराज अहमद बने झामुमो संसदीय दल के नेता

RANCHI : सांसद डॉ सरफराज अहमद को राज्यसभा में झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) संसदीय दल का नेता बनाया गया है। झामुमो संसदीय दल की बैठक में इन्हें मनोनीत करने पर निर्णय लिया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के हस्ताक्षर से इस आशय की जानकारी दी गयी है। इस बाबत उन्होंने राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने राज्यसभा के सभापति को लिखे पत्र में कहा है कि झारखंड से झामुमो के राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल के नेता चुने गए हैं। शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा संसदीय दल की बैठक में इस बाबत निर्णय लिया गया। डॉ सरफराज अहमद वरिष्ठ नेता हैं।

टीम येलो का वॉलीबॉल मीडिया कप पर कब्जा

ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में रांची प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल लीग टूर्नामेंट का शुक्रवार को समापन हो गया। टीम येलो ने टीम ब्लू को कड़े मुकाबले में परास्त कर मीडिया कप वॉलीबाल टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया।टूर्नामेंट के दूसरे दिन टीम ग्रीन ने टीम रेड को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-17, 23-25, 15-6 से हराया जबकि टीम ब्लू ने टीम येलो को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-9, 23-25, 15-6 से हराया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला टीम येलो और टीम ब्लू के बीच खेला गया। इसमें टीम येलो ने टीम ब्लू को 25-23, 25-23 से हराकर अरपीसी मीडिया कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक सह झारखंड बॉलीबॉल संघ के महासचिव शेखर बोस मौजूद थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, शशी शेखर, प्रकाश सहाय, विनय वर्मा, शम्भूनाथ चौधरी, राघवेन्द्र, चंचल भटाचार्य, दीपक ओझा मौजूद थे। मुख्य अतिथि शेखर बोस ने कहा कि पत्रकारों के बीच खुद को पाकर उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है। इस तरह के आयोजन से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ती है, बल्कि उनका सेहत भी बना रहता है। वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह ने कहा कि प्रेस क्लब के जरिये इस तरह का आयोजन एक-दूसरे को करीब लाता है। पत्रकारों को सेहत के प्रति जागरूक होने की जरूरत है और यह इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन से ही सम्भव है। अतिथियों ने टीम यलो को चैम्पियन टीम का और टीम ब्लू को रनरअप टीम का पुरस्कार दिया। टूर्नामेंट में भाग ले रहे खिलाड़ियों को वरिष्ठ पत्रकार भरत भूषण प्रसाद ने एक-एक ट्रांजिस्टर और प्रेस क्लब के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के प्रायोजक के रूप में वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन के राजीव चटर्जी ने अपना सहयोग दिया। टूर्नामेंट में रेफरी के रूप में उत्तम राय, संजय कुमार गुप्ता, संजय ठाकुर, अंकित तिग्गा, राहुल, अरगू कंजीवल, डेविड, सूरज और ऋषभ ने भूमिका निभाई। समापन समारोह में मंच का संचालन आरजे अरविंद और अभिषेक सिन्हा ने किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में कॉर्डिनेटर अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक राजेश सिंह और खेलो इंडिया के रेफरी उपेंद्र गुप्ता ने भूमिका निभाया। धन्यवाद ज्ञापन क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन ने किया।

झारखंड में सभी पार्टियों ने शुरू कर दी है विधानसभा चुनाव की तैयारी, धीरे-धीरे सजने लगा है मैदान

सियासी फिजा में अब घुलने लगा चुनावी रंग

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड की राजनीतिक फिजा में चुनावी रंग घुल रहा है। विधानसभा चुनाव को लेकर धीरे-धीरे मैदान सज रहे हैं। सभी पार्टियों ने अपनी चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। पक्ष-विपक्ष के नेताओं के भाषण और मिजाज चुनावी हैं। साथ ही जमीनी स्तर पर चुनाव की तैयारी भी शुरू है। जेल से निकलने के बाद राज्य में एक बार फिर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बन गई है। हेमंत सोरेन के पास स्पष्ट बहुमत भी है। तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन को एक सप्ताह के अंदर विश्वासमत हासिल करना है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नयी सरकार को एक सप्ताह के अंदर विश्वासमत हासिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड विधानसभा में कुल 77 विधायक हैं। पांच विधायक इस बार सदन में नहीं होंगे। चार विधायकों में दो भाजपा और दो झामुमो के विधायक लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद पहुंच गये हैं। इसमें भाजपा के मनीष जायसवाल, ढुल्लू महतो और झामुमो के नलिन सोरेन व जोबा मांझी हैं। वहीं, झामुमो विधायक सीता सोरेन ने भाजपा में शामिल होने को बाद इस्तीफा दे दिया था। वर्तमान विधानसभा में बहुमत के लिए 39 विधायकों का संख्या बल चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार के पास बहुमत का मजबूत आंकड़ा है। झारखंड विधानसभा में इंडी गठबंधन के साथ 47 विधायक हैं। मनोनीत विधायक को भी वोटिंग का अधिकार है। मनोनीत ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन हेमंत सोरेन सरकार का समर्थन करेंगे। वहीं, एनडीए गठबंधन के पास फिलहाल 27 वोट है। भाजपा विधायक जेपी पटेल भले ही सदन में विरोधी पक्ष में बैठाये जायेंगे लेकिन उनका वोट हेमंत सोरेन के पक्ष में ही होगा। निर्दलीय सरयू राय और अमित मंडल साथ आये, तब भी एनडीए आंकड़ा से काफी दूर है। एनडीए के खाते में 27 विधायक होंगे। सदन में हेमंत सोरेन सरकार को विश्वासमत के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं दिख रही है।

दोनों गठबंधनों के नेताओं ने कसी कमर

वहीं, भाजपा विधायक जेपी पटेल सरकार के साथ आये, तो हिसाब बराबर हो जायेगा। विधायक चमरा लिंडा को लेकर भी असमंजस की स्थिति है। चमरा लिंडा गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं हुए। विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया और एनडीए गठबंधन दोनों दलों के नेताओं ने कमर कसकर मैदान में उतर गए हैं। विधानसभा में रणनीति के तहत ही झामुमो ने आनन-फानन में चम्पाई सोरेन से इस्तीफा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ताजपोशी हुई। दूसरी ओर, भाजपा ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए तीन महीने का खाका तैयार किया है।

भगवान जगन्नाथ भाई-बहन के साथ 15 दिनों के बाद आज आएंगे बाहर

PHOTON NEWS RANCHI : भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 15 दिनों के एकांतवास के बाद शनिवार को बाहर आयेंगे। इतने दिनों तक भगवान की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नेत्रदान होगा। फिर भगवान भक्तों को दर्शन देंगे। भगवान के दर्शन के लिए दोपहर दो बजे से भक्तों की भीड़ जुटने लगेगी। शाम चार बजे नेत्रदान अनुष्ठान शुरू होगा। फिर 108 दीपों से मंगलआरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति की जायेगी। भगवान जगन्नाथ को मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगाया जायेगा। शनिवार को भगवान रात नौ बजे तक दर्शन मंडप में दर्शन देंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। सात जुलाई को प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जायेगी। सुबह चार बजे से ही भक्त पूजा करने के लिए कतारबद्ध होने लगेंगे। महिला और पुरुष भक्तों के लिए अलग-अलग कतार बनायी जायेगी। दोपहर दो बजे सभी विग्रहों को बारी-बारी से रथारुढ़ किया जायेगा। रथ के ऊपर सभी विग्रहों का श्रृंगार होगा। विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना होगी। इस अनुष्ठान के बाद विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना में शामिल भक्त रथ पर सवार होकर भगवान को पुष्प अर्पित करेंगे। मंगल आरती होगी। रथ में रस्सा बंधन होगा। रविवार शाम पांच बजे रथयात्रा शुरू होगी। भक्त रस्सी के सहारे रथ को खींच कर मौसीबाड़ी लायेंगे, जहां महिलाएं भगवान की पूजा करेंगी। शाम सात बजे तक सभी विग्रहों को मौसीबाड़ी में रखा जायेगा। फिर आरती और भोग निवेदन होगा। रात आठ बजे भगवान का पट बंद कर दिया जायेगा, जो अगले दिन सुबह पांच बजे खुलेगा। आठ जुलाई को सुबह छह बजे मंगल आरती व बाल भोग लगाया जायेगा। दोपहर 12 बजे अन्न भोग लगाया जायेगा और 12:10 बजे पट बंद हो जायेगा।

कार्डधारकों का प्रदर्शन, राशन नहीं मिलने का लगाया आरोप

बीडीओ का दावा-10 दिनों में मुहैया करा दिया जाएगा अनाज

PHOTON NEWS POTKA : पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड स्थित हाड़तोपा पंचायत के सैकड़ों कार्डधारकों को एक वर्ष से राशन नहीं मिल रहा है। इसे लेकर कार्डधारकों ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पंचायत की मुखिया अलादी हांसदा भी उपस्थित थीं। मुखिया ने कहा कि एक साल से गरीब राशन कार्डधारकों को अनाज नहीं मिलना दुखद विषय है। इस मामले में जांच करते हुए राशन दुकानदार मां लक्ष्मी महिला समिति पर मामला दर्ज होना चाहिए। राशन कार्डधारक उप्पल्या हांसदा एवं लखिया हांसदा ने कहा कि एक वर्ष से हमें अनाज नहीं मिला है। प्रखंड से लेकर उपायुक्त तक को लिखित आवेदन दे चुके हैं।

प्रदर्शन करतीं ग्रामीण महिलाएं ● फोटोन न्यूज

वहीं, ग्रामीणों से मांगपत्र लेते हुए बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी ने तत्काल मार्केटिंग ऑफिसर डॉ. अशोक कुमार को निर्देश दिया कि 10 दिनों के अंदर सभी गरीब राशन कार्डधारकों को अनाज मुहैया कराएं। इसके साथ ही साथ मामले की जांच करते हुए कार्रवाई करें। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अगर तय समय सीमा के अंदर राशन का वितरण शुरू नहीं किया गया तो वह आंदोलन को और तेज करेंगे। अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय और राज्य मुख्यालय पर भी प्रदर्शन को बाध्य होंगे। ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि राशन नहीं मिलने के कारण उन्हें भोजन का संकट हो गया है। वह किसी तरह अपना परिवार चलाने को मजबूर हैं। राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधा में अधिकारी बाधक बने हैं।

सांसद का प्रयास रंग लाया एनएच-220 का निकला टेंडर

हाता से ओडिशा बॉर्डर तक नौ करोड़ की लागत से रोड का होगा जीर्णोद्धार

मंत्री नितिन गडकरी से मिलते सांसद बिद्युत बरण महतो ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS POTKA : लोकसभा चुनाव के दौरान हाता-ओडिशा मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर विरोध प्रदर्शन होता रहा। चुनाव जीतने के बाद सांसद बिद्युत बरण महतो ने इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने अपने क्षेत्र की विभिन्न प्रमुख सड़कों की खराब स्थिति से विभागीय मंत्री को अवगत कराया। इसके बाद नितिन गडकरी द्वारा मामले का संज्ञान लिया गया। इस सड़क के जीर्णोद्धार के लिए 8 करोड़ 45 लाख की लागत से टेंडर निकाला गया है। अब हाता, हल्दीपोखर, हेंसड़ा, बालीडीह से ओडिशा सीमा तक सड़क का जीर्णोद्धार किया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर ग्रामीणों की मांग है कि सड़क की मरम्मत बरसात से पहले होनी चाहिए। इस मार्ग पर चलने वाली दर्जनों यात्री बसें जर्जर सड़क के कारण बंद हो चुकी हैं। इससे लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही है। आसपास के लोगों को हर दिन जर्जर सड़क से गुजरना पड़ रहा है।

समाचार सार

रघुवर से मिले इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष

JAMSHEDPUR : ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास से इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स फॉर एससी-एसटी एंड वूमेन एंटरप्रेन्योर के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबीर पॉल ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान संस्था की राष्ट्रीय महासचिव हेमा एक्का, महिला अधिवक्ता रेखा गुप्ता व राजलक्ष्मी पात्र भी मौजूद थीं। उन्होंने राज्यपाल से भुवनेश्वर में होने वाले राज्यस्तरीय कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहने का आग्रह किया। अध्यक्ष ने बताया कि राज्यपाल ने आमंत्रण स्वीकार कर लिया है और पूरे ओडिशा में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मुहिम तेज करने पर जोर दिया है। इसके साथ ही ओडिशा के जनजाति उद्यमियों को आगे बढ़ने और सरकारी योजनाओं का फायदा देने पर जोर दिया।

मानगो में हुई नशा व सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला

JAMSHEDPUR : मानगो के कालिकानगर, उलीडीह स्थित एपीजेए कलाम हाई स्कूल एवं इंटर कॉलेज के प्रांगण में शुक्रवार को नशा व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला हुई। इसमें मुख्य अतिथि आरक्षी उपाधीक्षक संजय कुमार ने कहा कि आज के दौर में बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के गाड़ी चलाना खतरनाक है। इसके नहीं रहने पर जो हादसा होता है, उसका दंश पूरा परिवार उठाता है। इस दौरान ट्रैफिक मैनेजर सड़क सुरक्षा प्रबंधक प्रकाश कुमार गिरि व समाजसेवी अरिजीत सरकार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विद्यालय सलाहकार समिति के अध्यक्ष निलय सेन गुप्ता, संस्था के अध्यक्ष डॉ. अफरोज शकील, निर्देशक मो. ताहिर हुसैन, राशिद इकबाल, प्राचार्या रफत आरा, अनु मंडल, झुंपा पोद्दार आदि उपस्थित थीं।

डॉ. अजय ने विशेष बच्चों को किया पुरस्कृत

JAMSHEDPUR : सेंट मेरीज स्कूल अल्युमनाई व इंटरैक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सोनारी स्थित बाल विहार कार्मेल स्कूल में (मूक-बधिर) विशेष बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 130 विशेष बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया। अपने संबोधन में डॉ. अजय ने कहा कि अगर आपने ठान लिया कि आपको कुछ बनना है तो शारीरिक कमजोरी आपकी बाधक नहीं हो सकती है। कई दिव्यांगों ने यह साबित करके दिखाया है कि असंभव कुछ भी नहीं होता, बस जज्बा होना चाहिए। इस मौके पर अल्युमनाई के अध्यक्ष गुरुशरण सिंह, कार्मेल स्कूल की प्राचार्य डॉ. वर्णन डिसूजा, बाल विहार की प्राचार्य सिस्टर अर्षित, सौरभ सिंह, मनजोत गिल, अमृता धंजल, राजीव सिंह, राजा सिंह राजपूत, रईस रिजवी छब्बन, राजीव रंजन, राकेश साहू, अजीत उज्जैन सहित कई अन्य उपस्थित थे।

आजसू ने प्रखंड कार्यालय पर किया प्रदर्शन

JAMSHEDPUR : आजसू पार्टी ने शुक्रवार को जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय पर एकदिवसीय हल्ला बोल कार्यक्रम किया, जिसमें राज्य सरकार की नाकामियों पर जमकर नारेबाजी की गई। जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष निरंजन महतो के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्टी के प्रधान महासचिव सह राज्य के पूर्व मंत्री रसमचंद्र सहिस ने कहा की भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के चलते राज्य वासियों में हताशा का भाव है। इसी क्रम में जमशेदपुर प्रखंड में संबंधित अधिकारी को पांच सूद्धी ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें विभिन्न मुद्दे गिनाए गए। इस दौरान आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि पूरे जिले में विधायक जमीन की दलाली करते दिखाई पड़ रहे हैं। झारखंड सरकार में पहले प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग हो रही थी, लेकिन हाल के दिनों में मुख्यमंत्री का ट्रांसफर और पोस्टिंग होने लगा है।

परसुडीह में बजरंगबली मंदिर की छत ढलाई शुरू

JAMSHEDPUR : परसुडीह के नामोटोला में बजरंगबली मंदिर की छत ढलाई शुक्रवार को शुरू हो गई। स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी कि बजरंगबली मंदिर का निर्माण हो, लेकिन किसी कारण वश उस मंदिर का निर्माण नहीं हो सका था। अब विधायक मंगल कालिंदी के सहयोग से बजरंगबली का मंदिर की ढलाई कार्य झामुमो नेता मानिक मलिक ने कराया। इस दौरान समीर प्रकाश झा, ज्योति, पिंटू, संटू रॉय, संतोष झा, मनीष ठाकुर, अजय साहू, आनंद राय, धीरज शर्मा, भानू प्रताप प्रसाद, ज्योति शर्मा, रेखा, कुमकुम सिंह, गोलू सिंह, शांतनु सिंह, दिलीप घोष, नेपाल मन्ना, अनिल महतो आदि मौजूद थे।

डायरिया से बचाव को जागरूक करेगा रथ

JAMSHEDPUR : सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार राजेश शर्मा व उपायुक्त अनन्य मित्तल ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से डायरिया बीमारी से बचाव को लेकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस मौके पर सचिव ने कहा कि कई बार जागरूकता के अभाव से लोग बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं, सही जानकारी देने एवं बीमारे से कैसे बचा जा सकता है, इसको लेकर लोगों के बीच जागरूकता लाने का प्रयास है। उपायुक्त ने कहा कि बरसात के दिनों में डायरिया का प्रकोप बढ़ जाता है, ऐसे में जिलेवासियों को शुद्ध पानी और ताजा भोजन के साथ ही खाने से पहले हाथ धोकर बीमारियों से बचाव की जानकारी देने हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया गया। यह रथ सभी प्रखंडों के गांवों में जाकर लोगों के बीच डायरिया से बचाव को लेकर जागरूकता लाएगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। डायरिया दूषित पेयजल के इस्तेमाल और साफ-सफाई का ख्याल न रखने से फैलती है। यह पाचन तंत्र संबंधित एक विकार है, जिसमें मरीज को लगातार दस्त शुरू हो जाता है। ज्यादातर मामलों में मरीज उपचार से लाभ प्राप्त कर लेता है।

गुब्बारा उड़ाते सचिव व उपायुक्त

सरकारी भवनों को वाटर पाइप से जोड़ें : शर्मा

जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक

PHOTON NEWS JSR: समाहरणालय सभागार में सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार राजेश शर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षात्मक बैठक हुई, जिसमें उपायुक्त अनन्य मित्तल व उपविकास आयुक्त मनीष कुमार भी शामिल हुए।

सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन के तहत जितनी भी छोटी-बड़ी योजना जिला में ली गई है, उसे निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन से आच्छादित सभी गांव और घर में नल से जल पहुंचे, इसे सुनिश्चित करें। जिन क्षेत्रों में पाइप वाटर स्कीम स्वीकृत है, वहां के स्वास्थ्य उपकेंद्र, सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय आदि को इससे जरूर जोड़ें। बरसात के दिनों में लोगों को दूषित पेयजल की समस्या नहीं हो, इसकी जांच करते रहें। लेबोरेटरी से पेयजल जांच के लिए जलसहिया को सक्रिय करने तथा जिन जल सहिया द्वारा कार्य में रूचि नहीं ली जा रही उनके स्थान पर नए जल सहिया रखने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक करते विभागीय सचिव ● फोटोन न्यूज

प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट तय समय में पूर्ण करें

सचिव ने सभी जेई को ब्लॉक दिवस के दिन प्रखंड मुख्यालय में रहने का निर्देश दिया गया। जमशेदपुर एवं आदित्यपुर नें निमार्णाधीन प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को तय समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा में उन्होंने कहा कि व्यवहार में बदलाव लाकर ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। खुले में शौच का दुष्प्रभाव, प्लास्टिक या अन्य कचड़े का इस तरह निस्तारण किया जाए कि हमारे पर्यावरण पर प्रतिकूल असर नहीं पड़े, इन सभी को लेकर आम जनमानस में जागरूकता काफी अहम है।

सचिव ने जमशेदपुर एवं आदित्यपुर प्रमंडल में पेयजलापूर्ति योजनाओं के क्रियान्वयन की अधतन स्थिति, जल जीवन मिशन में प्रगति तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रखंडवार एफएचटीसी कवरेज, मल्टी विलेज स्कीम, प्रोजेक्ट क्लीयरेंस में एनओसी की समस्या, पेयजल जांच लेबोरेटरी, निमार्णाधीन प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट समेत अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता समेत अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

तीसरा मोर्चा बना विस की सभी 81 सीटों पर लड़ेगी झापीपा

महिला, मुस्लिम व सामान्य वर्ग को देंगे 10-10 सीटें

PHOTON NEWS JSR : इस राज्य में 24 वर्ष तक भाजपा व झामुमो ने ही राज किया, लेकिन राज्य के लोगों का कोई भला नहीं हुआ। राज्य का प्रत्येक नागरिक 25 हजार का ऋणी है। ऐसे में झारखंड पीपुल्स पार्टी तीसरा मोर्चा के रूप में इस बार विधानसभा की सभी 81 सीट पर लड़ेगी। परिसदन में शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पूर्व विधायक सह झापीपा के अध्यक्ष सूर्य सिंह बेसरा ने कहा कि इन 24 वर्षों में झारखंड भ्रष्टाचार के चरम पर पहुंच गया है। एक अनुमान के मुताबिक अब तक एक लाख करोड़ का घोटाला हो चुका है। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के विभाग में सिर्फ ट्रांसफर-पोस्टिंग और टेंडर कमीशन में 3 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है। 2006 में निर्दलीय मुख्यमंत्री मधु कोड़ा पर 4.5 हजार करोड़ घोटाला का आरोप है। भाजपा उसे कोसते हुए थकती नहीं थी, जबकि आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने पास पूर्व सांसद गीता कोड़ा और मधु कोड़ा को बैठाते हैं। इस राज्य में भाजपा ने 17 वर्ष तक शासन किया। पूर्व मंत्री कमलेश सिंह पर करीब 300 करोड़ घोटाला का आरोप है, वह भी भाजपा के साथ हैं। जहां तक सत्तारूढ़ झामुमोनीत गठबंधन सरकार की बात है, तो इसने कई चुनावी वादा पूरा नहीं किया। ऐसे में झापीपा ने राज्य विधानसभा में चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है, जिससे जनता को तीसरा विकल्प चुनने का अवसर मिले। हम महिला, मुस्लिम व सामान्य वर्ग को 10-10 सीट देंगे। इसके लिए 14 जुलाई को जमशेदपुर और 21 जुलाई को संथाल परगना में झापीपा केंद्रीय कमेटी की बैठक होगी, जबकि 16 अगस्त से राज्य भर में विकल्प यात्रा निकालेंगे।

पत्रकार वार्ता करते सूर्य सिंह बेसरा

गम्हरिया व राजनगर में पकड़ाया अवैध विदेशी शराब

SARAIKELA : अधीक्षक उत्पाद, सरायकेला के निदेर्शानुसार गम्हरिया व राजनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात गश्ती के क्रम में एक संदिग्ध वाहन की तलाशी ली गई, जिससे 25 पेटी पेट बॉटल शराब (किंग्स गोल्ड ब्लैक हॉर्स) बरामद किया गया। इस मौके पर घटनास्थल से वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस कारोबार के संचालक अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अनुसंधान किया जा रहा है। आबकारी विभाग ने 225 लीटर अवैध विदेशी शराब व महिंद्रा पिकअप वैन जब्त कर लिया है।

विकास कार्यों के कारण 8 पैसेंजर ट्रेनें आज रहेंगी रद्द

JAMSHEDPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में विकासात्मक कार्यों को देखते हुए 6 जुलाई शनिवार को चार जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं, दो जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट कर चलाया जाएगा। इस बाबत गार्डेनरीच से नोटिफिकेशन जारी हो चुका है और संबंधित स्टेशन मास्टरों को भी मिल चुका है। रेलवे ने ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को होने वाली असुविधा के खेद व्यक्त किया है।

नहीं चलेंगी ये ट्रेनें

- 18601/18602 टाटानगर-हटिया-टाटानगर एक्सप्रेस.
- 08698/08697 झाड़ग्राम-पुरुलिया-झाड़ग्राम मेमू स्पेशल.
- 08151/08152 टाटानगर-बरकाकाना-टाटानगर पैसेंजर स्पेशल.
- 08133/08134 टाटानगर-गुआ-टाटानगर मेमू स्पेशल.

ट्रेनों का अल्प समापन/प्रारंभ

- 13301/13302 धनबाद-टाटानगर-धनबाद एक्सप्रेस, 6 जुलाई को शुरू होने वाली यात्रा आद्रा से प्रारंभ/शॉर्ट टर्मिनेट की जाएगी, यानी यह ट्रेन आद्रा से धनबाद तक रद्द रहेगी।
- 08173/08174 आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल मेमू विशेष यात्रा 6 जुलाई को शुरू होने वाली यात्रा पुरुलिया से थोड़ी देर पहले समाप्त की जाएगी, यानी यह ट्रेन पुरुलिया से आसनसोल तक रद्द रहेगी।

संगोष्ठी सीआईआई के 11वें मैन्यूफैक्चरिंग कॉन्क्लेव ईस्ट में शामिल हुए वोल्वो के प्रेसिडेंट व एमडी

भारत का मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग 10 वर्षो में कई गुना बढ़ने को तैयार : बाली

PHOTON NEWS JSR : कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के तत्वावधान में शुक्रवार को आदित्यपुर स्थित होटल द क्रूज में 11वां मैन्यूफैक्चरिंग कॉन्क्लेव ईस्ट का आयोजन किया गया। 'फ्यूचर रेडी टू फ्यूचर प्रूफ मैन्यूफैक्चरिंग' थीम पर आयोजित कॉन्क्लेव में उभरती प्रौद्योगिकियों और मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों पर उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि वोल्वो ग्रुप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमल बाली ने कहा कि भारत में मैन्यूफैक्चरिंग अगले 10 से 25 वर्षों में कई गुना बढ़ने को तैयार है। देश का मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर जीडीपी का 16-17% योगदान देता है, जिसका लक्ष्य 2025 तक देश की जीडीपी में कम से कम 25% योगदान देना है। इस लक्ष्य को पुरा करने में कई चुनौतियां भी है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार, सुशासन और इसका डिजिटलाइजेशन का होना जरूरी है। बुनियादों ढांचे और सामाजिक सुधारों पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व अभी भारत की ओर देख रहा है। भारत की बढ़ती क्षमताओं के कारण पर विश्व जगत भरोसा जता रहा है। सरकार की पॉलिसी के कारण मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। कई कंपनियां इस सेक्टर में बेहतर काम कर रही हैं। भारत के पास अभी एक बड़ा अवसर है। इस सेक्टर के विकास में सभी का सहयोग चाहिए और मिल भी रहा है। महिलाएं भी इस मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कदम से कदम बढ़ा रही हैं। सीआईआई पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष और आरएसबी ट्रांसमिशन (आई) लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शुभेंद्र बेहरा ने कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग में पूर्वी क्षेत्र के कई राज्य बेहतर कार्य कर रहे हैं। खासतौर पर झारखंड का रोल बहुत ही महत्वपूर्ण है। देश के जीडीपी में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में योगदान 17 प्रतिशत है। इसके अलावा यह सेक्टर लाखों लागों को रोजगार भी दे रहा है।

सीआईआई जमशेदपुर के वाइस चेयरमैन सह टाटा मोटर्स लिमिटेड के जमशेदपुर प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग में डिजिटलाइजेशन पर जोर देते हुए कहा कि नई तकनीक का उपयोग कर इस उद्योग को आगे बढ़ाया जा सकता है।

सीआईआई मैन्यूफैक्चरिंग सब कमेटी के चेयरमैन रामफल नेहरा ने कहा कि पूर्वी भारत के राज्यों में मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग को आगे बढ़ाने का प्रयास होना चाहिए। सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष और एमडेट जमशेदपुर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रंजोत सिंह ने कॉन्क्लेव में अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत ग्लोबर मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में मंच पर मौजूद अतिथि ● फोटोन न्यूज

मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने में झारखंड का बड़ा योगदान : उज्ज्वल चक्रवर्ती

जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक उज्ज्वल चक्रवर्ती ने कहा कि भारत को मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने में झारखंड का योगदान बड़ा है। यहां मिनरल सोर्स की कमी नहीं है। कोयला, बॉक्साइट, यूरेनियम, अभ्रक आदि की भरमार है। यहां मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग की अपार संभावनाएं है। स्किल लेबर और मैन पावर की भी कमी नहीं है। राज्य सरकार की इवी, सोलर, एमएसएमई पॉलिसी भी बेहतर है। बस यहां मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग को बढ़ावा देने की जरूरत है।

अरणी मंथन व देव पूजन से भक्तिमय हुआ माहौल

पूजा-अर्चना में शामिल श्रद्धालु ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : गोलमुरी के केबुल टाउन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण (बिड़ला) मंदिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन शुक्रवार को अरणी मंथन व देव पूजन से माहौल भक्तिमय हो गया। सुबह में सबसे पहले आवाहित देवी-देवताओं का पूजन किया गया। इसके पश्चात अग्नि स्थापन और हवन किया गया। मुख्य यजमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय थे। शुक्रवार को भी कई स्थानीय लोग यजमान बने।

आज आएंगे किशोर कुणाल

JAMSHEDPUR : पूर्व आईपीएस अफसर और पटना के प्रसिद्ध महावीर (हनुमान) मंदिर के संरक्षक आचार्य किशोर कुणाल शनिवार को शहर आ रहे हैं। वे यहां विधायक सरयू राय के निमंत्रण पर केबुल टाउन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल होंगे। वे अपराह्न साढ़े तीन बजे से निकाले जाने वाले नगर भ्रमण में भी सम्मिलित होंगे।

आज की आवश्यकता

सब्जी बगीचा

अच्छे स्वास्थ्य के लिए दैनिक आहार में संतुलित पोषण का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। फल एवं सब्जियाँ इसी संतुलन को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते है क्योंकि ये विटामिन, खनिज लवण तथा कार्बोज के अच्छे स्रोत होते हैं। फिर भी ये जरुरी हैं कि इन फल एवं सब्जियों की नियमित उपलब्धता बनी रहे. इसके लिए घर के पिछवाडें मे पडी जमीन पर खेती करना बहुत ही लाभदायक उपाय हैं। पोषाहार विशेषज्ञों के अनुसार संतुलित भोजन के लिए एक वयस्क व्यक्ति को प्रतिदिन 85 ग्राम फल और 300 ग्राम साग-सब्जियों का सेवन करना चाहिए। परन्तु हमारे देश में साग-सब्जियों का वर्त्तमान उत्पादन स्तर प्रतिदिन, प्रतिव्यक्ति की खपत के हिसाब से मात्र 120 ग्राम है।

सब्जी बगीचा

- उपलब्ध स्वच्छ जल के साथ रसोईघर एवं स्नानघर से निकले पानी का उपयोग कर घर के पिछवाड़े में उपयोगी साग-सब्जी उगाने की योजना बना सकते हैं।
- एकत्रित अनुपयोगी जल का निष्पादन हो सकेगा और उससे होने वाले प्रदूषण से भी मुक्ति मिल जाएगी।
- सीमित क्षेत्र में साग-सब्जी उगाने से घरेलू आवश्यकता की पूर्ति भी हो सकेगी।
- सब्जी उत्पादन में रासायनिक पदार्थों का उपयोग करने की जरूरत भी नहीं होगी।

अतः यह एक सुरक्षित पद्धति है तथा उत्पादित साग-सब्जी कीटनाशक दवाईयों से भी मुक्त होंगी।

सब्जी बगीचा के लिए स्थल

सब्जी बगीचा के लिए स्थल घर का पिछवाड़ा ही होता है जिसे हम लोग बाड़ी भी कहते हैं। यह सुविधाजनक स्थान होता है क्योद्धक परिवार के सदस्य खाली समय में साग-सब्जियों पर ध्यान दे सकते हैं तथा रसोईघर व स्नानघर से निकले पानी आसानी से सब्जी की क्यारी की ओर

घुमाया जा सकता है। सब्जी बगीचा का आकार भूमि की उपलब्धता और व्यक्तियों की संखया पर निर्भर करता है। चार या पाँच व्यक्ति वाले औसत परिवार के लिए 1/20 एकड़ जमीन पर की गई सब्जी की खेती पर्याप्त हो सकती है।

पौधा लगाने के लिए खेत तैयार करना

सर्वप्रथम 30-40 सेंमी की गहराई तक कुदाली या हल की सहायता से जुताई करें। खेत से पत्थर, झाड़ियों एवं बेकार के खर-पतवार को हटा दें। खेत में अच्छे ढंग से निर्मित 100 कि.ग्राम कृमि खाद चारों ओर फैला दें। आवश्यकता के अनुसार 45 सेंमी या 60 सेंमी की दूरी पर मेड़ या क्यारी बनाएँ।

सब्जी बीज की बुआई और पौध रोपण

सीधे बुआई की जाने वाली सब्जी जैसे -भिंडी, पालक एवं लोबिया आदि की बुआई मेड़ या क्यारी बनाकर की जा सकती है। दो पौधे 30 सेंमी की दूरी पर लगाई जानी चाहिए। प्याज, पुदीना एवं धनिया को खेत के मेड़ पर उगाया जा सकता है।प्रतिरोपित फसल, जैसे - टमाटर, बैगन और मिर्ची आदि को एक महीना पूर्व में नर्सरी बेड या टूटे मटके में उगाया जा सकता है। बुआई के बाद मिट्टी से ढ़ककर उसके ऊपर 2सब्जी बगीचा का मुखय उद्देश्य अधिकतम लाभ प्राप्त करना है तथा वर्ष भर घरेलू साग-सब्जी की आवश्यकता की पूर्ति करना है। बगीचा के एक छोर पर बारहमासी पौधों को उगाया जाना चाहिए जिससे इनकी छाया अन्य फसलों पर न पड़े तथा अन्य साग-सब्जी फसलों को पोषण दे सकें। बगीचा के चारों ओर तथा आने-जाने के रास्ते का उपयोग विभिन्न अल्पावधि हरी साग-सब्जी जैसे - धनिया, पालक, मेथी,पुदीना आदि उगाने के लिए किया जा सकता है।

50 ग्राम नीम के फली का पाउडर बनाकर छिड़काव किया जाता है ताकि इसे चीटियों से बचाया जा सके। टमाटर,गोभी, बैगन, मिर्ची के लिए 25-30 दिनों की बुआई के बाद तथा प्याज के लिए 40-45 दिनों के बाद पौधे को नर्सरी से निकाल दिया जाता है।टमाटर, बैंगन और मिर्ची को 30-45 सेंमी की दूरी पर मेड़ या उससे सटाकर रोपाई की जाती है। प्याज के लिए मेड़ के दोनों ओर रोपाई की जाती है। रोपण के बाद पौधों की सिंचाई की जाती है।

फसल चक्र

वर्षा, शरद और ग्रीष्म की फसलें तालिका में बतलाए अनुसार लेना चाहिए -

वर्ष भर उगाने के लिए फसल चक्र

खरीफ	रबी	जायद	खरीफ	रबी	जायद
पालक	मिर्च	ककडी	बैंगन	मूली	भण्डी
तरोई	लहसून	छप्पन कद्दू	लोबिया	आलू	कद्दू
टमाटर	मैथी	तरबूज	मूली	प्याज	धनिया
टिण्डा	मटर	टमाटर	प्याज	पालक	करेला
भिण्डी	पत्तागोभी	करेला	भिण्डी	मूली	तरोई
लौकी	आलू	खरबूज	धनिया	फूलगोभी	लौकी
फूलगोभी	धनिया	प्याज	पुदीना	पुदीना	पुदीना
मिर्च	बाकला	टिण्डा	केला	केला	केला
ग्वार	बैंगन	बैंगन	नींबू	नींबू	नींबू
मिर्च	गाजर	पालक	पपीता	पपीता	पपीता



उत्तर भारत में खरीफ मौसम में प्याज की खेती

उत्तरी भारत में प्याज रबी की फसल है यहां प्याज का भंडारण अक्टूबर माह के बाद तक करना सम्भव नही है क्योकि कंद अंकुरित हो जाते हैं।

इस अवधि(अक्टूबर से अप्रैल) में उत्तर भारत में प्याज की उपलब्धता कम होने तथा परिवहन खर्चे के कारण दाम बढ जाते हैं। इसके समाधान के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने उत्तर भारत के मैदानो में खरीफ में भी प्याज की खेती के लिए एन-53(ह्-53) तथा एग्रीफाउंड डार्क रैड नामक प्याज की किस्मों का विकास किया है।

प्याज की किस्म - एन-53(आई.ए.आर.आई.); एग्रीफाउंड डार्क रैड (एन.एच.आर.डी.एफ.)

बीज बुआई समय - मई अंत से जून

रोपाई का समय - मध्य अगस्त

कटाई - दिसम्बर से जनवरी

पैदावार - 150 से 200 क्विंटल/हैक्टेयर

अरहर

में रोग प्रबंधन

अरहर खरीफ की मुख्य दलहनी फसल है। दलहनी फसलों में चना के बाद अरहर का स्थान है। अरहर अंतर फसल एवं बीच के फसल के रूप में उगाई जाती है, अरहर ज्वार, बाजरा, उर्द एवं कपास के साथ बोई जाती है ।अन्य फलों की तरह अरहर में भी रोग का प्रकोप होता है जिनमें से कुछ रोगों के संक्षिप्त विवरण एवं प्रबंधन नीचे दर्शाया गया है ।

उकठा रोग (विल्ट)

यह रोग फ्यूजेरियम नामक कवक से होता है । इस रोग में पौधा पीला पड़कर सुख जाता है । फसल में फूल एवं फल लगने की अवस्था में एवं बारिश के बाद इस रोग का प्रकोप अधिक होता है । रोग ग्रसित पौधों की जडें सड़कर गहरे रंग की हो जाती हैं तथा छाल हटाने पर जड़ से लेकर तने तक काले रंग की धारियां पाई जाती हैं । एक ही खेत में कई वर्षों तक अरहर की फसल लेने पर इस रोग की उग्रता बढती है ।

उकठा रोग (विल्ट)

प्रबंधन –

- जिस खेत में रोग का प्रकोप अधिक हो वहां 3-4 साल तक अरहर की फसल न लें ।
- खेतों की ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करें ।
- ज्वार के साथ अरहर की फसल लेने से रोग की तीव्रता में कमी की जा सकती है।
- कवक नाशी जैसे बेनोमील 50व + थायरम 50व के मिश्रण का तीन ग्राम प्रति किलो बीज की डर से उपचारित करें ।
- ट्राइकोडर्मा 4 ग्राम/किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करके बोएं ।
- रोग रोधी किस्में आशा, राजीव लोचन, सी -11 आदि का उपयोग बुआई हेतु करें ।

अरहर का बाँझ रोग -

यह रोग विषाणु जनित है जिसका वाहक एरियोफिड माईट है जो की एक प्रकार का सूक्ष्म जीव है। इस रोग की अधिकता के कारण 75% तक उत्पादन में कमी देखी गयी है । रोग से ग्रसित पौधे पीलापन लिए हुए झाड़ीनुमा हो जाते हैं । पत्तियों के आकार में कमी, शाखाओं की संख्या में वृद्धि तथा पौधों में आंशिक या पूर्ण रूप से फूलों का नहीं आना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं। फूल नहीं आने से फल नहीं लगते इसलिए इस रोग को बाँझ रोग कहते हैं । फसल पकने की अवस्था में रोगी पौधे लम्बे समय तक हरे दिखाई देते हैं जबकि स्वस्थ पौधे परिपक्व होकर सूखने लगते हैं ।

अरहर का बाँझ रोग -

प्रबंधन-

- जिस खेत में अरहर लगाना हो उसके आसपास अरहर के पुराने एवं स्वयं उगे हुए पौधे नष्ट कर देना चाहिए।
- खेत में जैसे ही रोगी पौधे दिखे उनको उखाड़कर नष्ट कर देना चाहिए।
- फसल चक्र अपनाना चाहिए।
- रोग रोधी प्रजातियाँ जैसे– पूसा-9, आई.सी.पी.एल.-87119, राजीव लोचन, एम.ए.-3, 6, शरद आदि का चयन करना चाहिए।
- फयूराडान 3 जी., की 3 ग्राम मात्रा प्रति किलो बीज की डर से उपचारित करना चाहिए एवं फसल की प्रारंभिक अवस्था में कैल्थेन (1 मिली./ली. पानी) का छिडकाव रोगवाहक माईट के रोकथाम में प्रभावी होता है ।

तना अंगमारी रोग (स्टेम ब्लाइट)-

यह रोह कवक के द्वारा होता है। इसका प्रकोप । दिन से लेकर एक माह के पौधों में दिखाई देता है । शीघ्र पकने वाली किस्मों में इस रोग का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक होता है । प्रभावित पौधों की पत्तियों पर पनीले धब्बे बन जाते हैं एवं एक सप्ताह के भीतर पूरी पत्तियां जलकर नष्ट हो जाते हैं । साथ ही तने एवं शाखाओं पर धब्बे गोलाई में बढ़कर उतने भाग को सुखा देते हैं, जिससे तना एवं शाखाएं टूट जाती हैं । इस रोग का प्रकोप कम उम्र के पौधों में अपेक्षाकृत अधिक होता है। अनुचित जल निकास वाले क्षेत्रों में भी इस बीमारी का प्रभाव अधिक होता है ।

तना अंगमारी रोग (स्टेम ब्लाइट)- प्रबंधन -

- बीजों को बुवाई से पूर्व रिडोमिल नामक कवकनाशी की 2 ग्रा. मात्रा प्रति किग्रा.बीज की से उपचारित करें ।
- खेतों में जल निकास की उचित व्यवस्था करें ।
- जहाँ इस रोग का प्रकोप अधिक होता है वहां 3-4 वर्ष तक अरहर की फसल नहीं लेनी चाहिए ।
- रोग की प्रारभिक अवस्था में ताम्रयुक्त कवकनाशी जैसे फायटोलान 50व की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से या रिडोमिल एम.जेड. 1.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से 10-12 दिन के अन्तराल में छिडकाव करना चाहिए ।
- रोगरोधी किस्में जैसे – पूसा-9, एन.ए.-1, एम.ए.-6, बहार, शरद, अमर आदि का चुनाव करना चाहिए।

पूंजीगत खर्चों में वृद्धि एवं मध्यवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान की जानी चाहिए बजट में

प्रहलाद सबनानी

देश में कर संग्रहण में आकर्षक वृद्धि के बाद ही गरीब वर्ग की सहायता के लिए भी विभिन्न योजनाएं सफलता पूर्वक चलाई जा सकेंगी। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट मध्यवर्गीय परिवारों की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखकर ही बनाया जाना चाहिए। ऐसा कहा भी जाता है कि मध्यवर्गीय परिवार गरीब परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने में सदैव आगे रहा है।

जुलाई 2024 माह में शीघ्र ही केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्णकालिक बजट पेश किया जाने वाला है। हाल ही में लोक सभा के लिए चुनाव भी सम्पन्न हुए हैं एवं भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंप दी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। अब केंद्र सरकार में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण शीघ्र ही केंद्रीय बजट पेश करने जा रही हैं।

पिछले लगातार दो वर्षों के बजट में पूंजीगत खर्चों की ओर इस सरकार का विशेष ध्यान रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.50 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था और वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस राशि में 33 प्रतिशत की राशि की भारी भरकम वृद्धि करते हुए 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भी 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में केवल 11 प्रतिशत ही अधिक है। इस राशि को यदि 33 प्रतिशत तक नहीं बढ़ाया जा सकता है तो इसे कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ाने के प्रयास होना चाहिए अर्थात वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि के स्थान पर 12.5 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया जाना चाहिए।

किसी भी देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि होना बहुत आवश्यक है और फिर भारत ने तो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर की रफ्तार को पकड़ा ही है। आर्थिक विकास की इस वृद्धि दर को बनाए रखने एवं इसे और अधिक आगे बढ़ाने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करना ही चाहिए। आर्थिक विकास दर में तेजी के चलते देश में रोजगार के नए अवसर भी अधिक मात्रा में विकसित होते हैं। जिसकी वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत को बहुत अधिक आवश्यकता भी है। भारत में पिछले 10 वर्षों के दौरान विकास की दर को तेज करने के चलते ही लगभग 25 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा के ऊपर उठ पाए हैं एवं करोड़ों नागरिक मध्यवर्ग की श्रेणी में शामिल हुए हैं। अब भारत में

गरीबी की दर 8.5 प्रतिशत रह गई है जो वित्तीय वर्ष 2011-12 में 21.1 प्रतिशत थी। गरीबी की रेखा से बाहर आए इन नागरिकों एवं मध्यवर्गीय नागरिकों ने देश में उत्पादों की मांग में वृद्धि करने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही, कर संग्रहण में भी इस वर्ग ने महती भूमिका अदा की है। आज प्रत्यक्ष कर संग्रहण लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता हुआ दिखाई दे रहा है तथा वस्तु एवं सेवा कर भी अब औसतन लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए प्रतिमाह से अधिक की राशि के संग्रहण के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2 लाख करोड़ से अधिक की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया है तो सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित कर केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश उपलब्ध कराया है, जबकि कुछ वर्ष पूर्व तक केंद्र सरकार को सरकारी क्षेत्र के बैंकों के घाटे की आपूर्ति हेतु इन बैंकों को बजट में से भारी भरकम राशि उपलब्ध करानी होती थी। कुल मिलाकर इस आमूल चूल परिवर्तन से केंद्र सरकार के बजटीय घाटे में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। केंद्र सरकार का बजटीय घाटा कोविड महामारी के दौरान 8 प्रतिशत से अधिक हो गया था जो अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में घटकर 5.1 प्रतिशत तक नीचे आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार, अब यह सिद्ध हो रहा है कि केंद्र सरकार ने न केवल अपने वित्तीय संसाधनों में वृद्धि करने में सफलता अर्जित की है बल्कि अपने खर्चों को भी नियंत्रित करने में सफलता पाई है।

पूंजीगत खर्चों में वृद्धि के साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा अपने बजट में मध्यवर्गीय नागरिकों को आय कर की राशि में छूट देने का प्रयास भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में किया जाना चाहिए। क्योंकि, प्रत्यक्ष कर संग्रहण में हो रही भारी भरकम 25 प्रतिशत की वृद्धि इसी वर्ग के प्रयासों के चलते सम्भव हो पा रही है। वैसे, भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार भी नागरिकों/करदाताओं पर करों का बोझ केवल उतना ही होना चाहिए जितना एक मधुमक्खी किसी फूल से शहद लेती है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में अधिक राशि पहुंचने का सीधा सीधा फायदा अर्थव्यवस्था को ही होता है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में यदि खर्च करने के लिए अधिक राशि पहुंचती है तो वह विभिन्न उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देता है इससे इन उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होती है और इन उत्पादों का उत्पादन बढ़ता है। उत्पादन बढ़ने से रोजगार के नए अवसर अर्थव्यवस्था में निर्मित होते हैं एवं कम्पनियों द्वारा विनिर्माण इकाईयों का विस्तार किया जाता है तथा निजी क्षेत्र में भी पूंजीगत निवेश बढ़ता है। कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था के चक्र को बढ़ावा मिलता है जो अंततः देश के कर संग्रहण में भी वृद्धि करने में सहायक होता है। मध्यवर्गीय परिवार के आय कर में कमी करने से बहुत सम्भव है कि भारत में औपचारिक अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिले। क्योंकि कई देशों में यह सिद्ध हो चुका है कि कर की राशि को कम रखने से औपचारिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है इससे कर की दर को कम करने के उपरांत भी कर संग्रहण में वृद्धि होते हुए देखी गई है। ऐसा कहा जाता है कि भारत में अभी भी अनऔपचारिक अर्थव्यवस्था औपचारिक अर्थव्यवस्था के करीब करीब बराबरी पर ही चलती हुए दिखाई देती है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था में आर्थिक व्यवहारों के भारी मात्रा में डिजिटलीकरण करने के उपरांत भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में बहुत मदद मिली है और इसी के चलते ही वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रतिमाह के स्तर पर पहुंच सका है। अतः कुल मिलाकर देश में मध्यवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेज गति से आगे बढ़ेगी देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

दरअसल, देश में कर संग्रहण में आकर्षक वृद्धि के बाद ही गरीब वर्ग की सहायता के लिए भी विभिन्न योजनाएं सफलता पूर्वक चलाई जा सकेंगी। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट मध्यवर्गीय परिवारों की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखकर ही बनाया जाना चाहिए। ऐसा कहा भी जाता है कि मध्यवर्गीय परिवार गरीब परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने में सदैव आगे रहा है।

संपादकीय

कांग्रेस पर तीखा हमला

ष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। विपक्ष ने प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान काफी हंगामा करने के बाद वॉकआउट कर दिया। मोदी ने इसका उपहास करते हुए आपातकाल की घटनाओं का उल्लेख किया। कांग्रेस को सबसे सबसे बड़ी संविधान विरोधी पार्टी करार देते हुए कहा कि १९७७ का चुनाव इसी मुद्दे पर लड़ा गया थाङ्क जिसमें कांग्रेस की करारी हुई थी। ७५ साल पुराने कानून पर चर्चा और ५० साल पुराने आपातकाल को भूलने पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए मोदी ने कहा कि पाप पुराना होने के बाद खत्म नहीं हो जाता। विपक्ष के मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री के न बोलने का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि वहां पहले से अधिक शांति हैङ्क स्कूलझकॉलेजङ्क दफ्तर खुल रहे हैं। मनमोहन सिंह के सरकार के दौरान भी संविधान की धज्जियां उड़ाने की बात भी दोहराई। रोजमर्रा की जिंदगी में सरकार के दखल को कम करने की चर्चा की ताकि अपने बलबूते आगे बढक्ष्स्ने वालों को सरकारी दखल से परेशान न होना पड़े.। लोकतंत्र की यह खूबी कही जाएगी जहां विपक्ष को सरकार का प्रतिरोध करने की पूरी आजादी होती है। खासकर नई लोक सभा में पिछली के मुकाबले विपक्ष का संख्या बल बढक्ष्स्र है जिसका लाभ लेने से वे चूकना नहीं चाहते। सत्ता पक्ष को भी इसका भरपूर ख्याल रखना चाहिए ताकि विपक्ष की आवाज दबती न प्रतीत हो। विपक्ष का भी दायित्व है कि सदन की मयार्दा बनाए रखते हुए अपनी बात रखे। हालांकि राज्यों को साथ लेकर चलने की मोदी की बात की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए जैसा कि उन्होंने कहा विश्व देश में निवेश को राजी हैङ्क जिसकी हर राज्य को मुस्तैदी से तैयारी करनी चाहिए। असल विकास तभी संभव हैङ्क जब सब मिलझजुलकर सर्वजन हिताय काम करने को राजी होंगे। हालांकि सरकार हमेशा अपनी पीठ थपथपाने का काम करती नजर आती है जबकि हकीकत कुछ और ही होती है। जिस वक्त मोदी अपने भाषण में प. बंगाल में एक महिला की पिटाई की बात कर रहे थेङ्क ठीक उसी वक्त यहां उप्र में सत्संग के दौरान सवा सौ लोग भगदड़. में कुचल कर मारे गए। उन पर दो शब्द बोले जाने भी आवश्यक थे। देश के मुखिया को पक्षपाती नहीं होना चाहिए। करिश्माई चरित्र होने के नाते उनकी बात समूचा देश ध्यान से सुनता है। इसलिए उन्हें जिम्मेदार अभिभावक की तरह हर नागरिक की भावना का ख्याल रखते हुए ही बोलना चाहिए।



चिंतन-मनन

सुखी जीवन की राह

एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं।

राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है।

इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।

जैविक कृषि से घटेगा पानी का संकट

संजय गोस्वामी



जैविक कृषि मिट्टी की उर्वरता में सुधार करता है और जैविक विविधता को बनाए रखता है। यह पर्यावरण के लिए लाभदायक है रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग के कारण पानी की खपत अत्यधिक बढ़ी है। मिट्टी में सैकड़ों किस्म के जीव-जन्तु और जीवाणु होते हैं, जो खेती के लिए हानिकारक कीटों को खा जाते हैं और साथ ही मिट्टी को भुरभुरा, सजीव और उर्वर बनाते हैं। ऐसी भूमि में वर्षा जल के संचय की क्षमता बहुत ज्यादा होती है। लेकिन रासायनिक खाद और कीटनाशक खेती के लिए उपयोगी जीव-जन्तुओं और जीवाणुओं को नष्ट कर देते हैं।कृषि में प्रयुक्त रसायन अनाजों, फलों, सब्जियों और दूध के माध्यम से मानव शरीर में प्रवेश करने लगे हैं, जिससे गर्भपात, कैंसर तथा अन्य घातक बीमारियां बढ़ने लगी हैं। जिन छोटे किसानों के पास अपना नलकूप नहीं होता है उन्हें पानी खरीदने के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ता है। किसान कर्जे के बोझ से दबते जाते हैं। पानी की समस्या आने वाले वर्षों में विकराल रूप ले सकती है और भारत को भीषण अन्न संकट का सामना करना पड़ सकता है।। अभी भी भारत की मात्र 35 फीसदी कृषि भूमि में अत्यंधिक सिंचाई और रसायनों के प्रयोग वाली खेती होती है। शेष 65 प्रतिशत कृषि उपेक्षित है। अगर इस प्रकार की कृषि और रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों के लिए दी जाने वाली भारी सब्सीडी को जल पुनर्भरण और सम्पूर्ण कृषि भूमि में जैविक कृषि के विकास के लिए

लगा दिया जाए तो पानी का संकट घटेगा और कृषि उत्पादन भी बढ़ेगा। यही कारण है कि यूरोप, अमेरिका वाले तेजी से जैविक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं और रसायनों के उपयोग से उपजे अनाज, फल तथा सब्जियों के आयात पर रोक लगा रखी है, विडम्बना यह है कि जिन जहरीले कीटनाशकों का प्रयोग उन्होंने अपने देश में प्रतिबंधित कर रखा है सारा सार्वजनिक धन इसी पर लगाया जाता है। उन्हीं का निर्यात दुनिया के देशों को करते हैं।जैविक खेती में बहुत कम पानी की जरूरत होती है, क्योंकि सजीव मिट्टी अपनी प्रकृति के कारण वर्षाजल को सोखकर लम्बे समय तक सरस बनी रहती है। गोबर खाद, केंचुआ खाद तथा अन्य जैविक खादों और कीटनाशक के रूप में नीम, लेमन ग्रास जैसे दर्जनों साधन प्रचुरता में उपलब्ध हैं जिनका उपयोग हो सकता है। रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुन्ध प्रयोग से मृदा संरचना नष्ट हो जाती है जिससे मृदा के कण एक दूसरे से अलग हो जाते हैं परिणामस्वरूप मृदा अपरदन की दर में तीव्र वृद्धि की सम्भावना बढ़ जाती है।रासायनिक खते का जैविक खेत में रूपांतरण में जो समय लगता है, उस समय को ब्वरूपांतरण अवधि कहते है। जबकि मृदा उर्वरकता आरै पारिस्थितिकी के संतुलन को पुनः स्थापित करने के लिए यह अवधि हमेशा पर्याप्त नही होती,इसलिए इस अवधि में वहा सारे कार्य करने है,जिनसे हम अपने लक्ष्य तक पहंचु सके।कृषि में जल के अत्यधिक प्रयोग से जलजमाव के कारण मृदा की लवणता एवं क्षारीयता में वृद्धि होती है जिससे उपजाऊ भूमि उसर भूमि में परिवर्तित हो जाती है। सिंचाई जल के कुप्रबन्धन के कारण देश की लगभग 6.5 मिलियन हेक्टयर भूमि जल जमाव से प्रभावित है तथा तकरीबन 7.5 मिलियन हेक्टेयर भूमि लवणता एवं क्षारीयता से प्रभावित है। अतः देश को पानी के संकट से बचाने के लिए, पारम्परिक कृषि के स्थान पर जैविक कृषि के माध्यम जैविक खादों और कीटनाशक के रूप खेतों में प्रयोग करना अति आवश्यक है।

स्पेशल ऑडिटः ऐसे होते रहना चाहिए



रजनीश कपूर

कई दशकों पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सार्वजनिक रूप से यह बात स्वीकार की कि जनता के विकास के लिए आवंटित धनराशि का जो प्रत्येक 100 रुपया दिल्ली से जाता है, वह जमीन तक पहुंचते-पहुंचते मात्र 14 रुपये रह जाता है। 86 रुपये रास्ते में भ्रष्टाचार की बलि चढ़ जाते हैं। सारा विकास केवल कागजों पर ही होता है। बीते दशकों में प्रशासनिक भ्रष्टाचार के बावजूद नागरिकों को कुछ सुविधाएं अवश्य मिली हैं। अलबत्ता, जिस तरह के विकास का प्रचार हुआ उसने राजीव गांधी की बात याद दिला दी।

इंद्रदेव के कहर के कारण देश के कई भागों से काफी दर्दनाक दृश्य सामने आए। हर तरफ से तबाही के विचलित करने वाले दृश्यों को देख मन में यही सवाल उठा कि इस साल मानसून की पहली बारिश से जो हाल हुआ है, क्या वो वास्तव में प्राकृतिक आपदा माना जाए? क्या इस तबाही के पीछे इंसान का कोई हाथ नहीं? क्या भ्रष्ट सरकारी योजनाओं के चलते ऐसा नहीं हुआ? कब तक हम ऐसी तबाही को कुदरत का कहर मानेंगे? सरकार चाहे किसी भी दल या राज्य की क्यों न हो जनता के वोट पाने के लिए विकास के कार्यों की अनेक जनोपयोगी योजनाओं की घोषणाएं की जाती हैं। इन्हें सुन कर हर कोई मानता है कि नेता जी ने एक बड़ा सपना देखा है और ये सारी योजनाएं उसी सपने को पूरा करने की तरफ एक-एक कदम हैं।

बीते कुछ वर्षों में घोषित योजनाओं में से कुछ का निश्चित रूप से लाभ आम जन को मिला है। दूसरी ओर, कई घोषित योजनाएं केवल कागजों पर ही दिखाई दीं। यदि कोई प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री जनता के कल्याण के लिए अनेक दकियानूसी परंपराओं तोड़कर क्रांतिकारी योजनाएं लाते हैं, तो यह भी जरूरी है कि समयझसमय पर वे इस बात का जायजा भी लेते रहें कि घोषित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कितने फीसद हो रहा है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बने मोदी जी हों या किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री, उन्हें जमीनी सच्चाई जानने के लिए गैर-पारंपरिक साधनों का प्रयोग करना पड़ेगा। मौजूदा खुफिया एजेंसियां या सूचना तंत्र उनकी सीमित मदद ही कर पाएंगे। प्रशासनिक ढांचे का अंग होने के कारण इनकी अपनी सीमाए होती हैं। इसलिए देश या सूबे के मुखिया को गैर-पारंपरिक 'फीड-बैक मैकेनिज्म' का सहारा लेना पड़ेगा।

हजारों साल पहले भारत के पहले सबसे बड़े मगध साम्राज्य के शासक सम्राट अशोक जादूगरों और बाजीगरों के वेश में अपने विश्वासपात्र लोगों को भेजकर अपने साम्राज्य में जमीनी हकीकत का पता लगवाते थे और उसके आधार पर प्रशासनिक निर्णय लेते थे। आज के सूचना प्रौद्योगिकी के युग में यह आसानी से किया जा सकता है। यदि मोदी जी या कोई मुख्यमंत्री ऐसा कुछ करते हैं, तो उन्हें इसका बहुत बड़ा लाभ होगा। ऐसा करते हैं, तो उन्हें उपलब्धियों के बारे में बढ़ा-चढ़ाकर आंकड़े प्रस्तुत करने वाली अफसरशाही और खुफिया तंत्र गुमराह नहीं कर पाएंगे क्योंकि उनके पास समानांतर स्रोत से सूचना पहले से ही उपलब्ध होगी। अप्रत्याशित स्थिति से निपटने का यही तरीका है कि अफसरशाही के अलावा जमीनी लोगों से भी हकीकत जानने की कोशिश की जाए। यह पहल प्रशासनिक मुखिया को ही करनी होगी। मिसाल के तौर पर इस साल की पहली बारिश के चलते देश के कई एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, ट्रेनों, सड़कों, पुलों आदि के नुकसान को गंभीरता से लेना चाहिए। विपक्ष चाहे जैसे भी हमले करे पर केंद्र और राज्य सरकारों को हादसों से सबक लेते हुए संबंधित राज्य सरकारों, मंत्रालयों, विभागों और अफसरशाही से समयबाधित रिपोर्ट लेनी चाहिए। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

विकास की घोषित योजनाओं का 'सोशल ऑडिट' भी जरूरी है। इसके लिए देश के मुखिया या मुख्यमंत्रियों को अपने विश्वसनीय सेवानिवृत्त अधिकारियों, पार्टी के समर्पित कार्यकताओं और स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों की संयुक्त टीम बनानी चाहिए जो वस्तुस्थिति का मूल्यांकन करें और उन तक निष्पक्ष रिपोर्ट भेजें। 'सोशल ऑडिट' करने का यह तरीका किसी भी लोकतंत्र के लिए फायदे का सौदा होता है। इसलिए जो भी प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री ईमानदार होगा, पारदर्शिता में जिसका विश्वास होगा और जो वास्तव में अपने लोगों की भलाई और तरक्की चाहेगा, वो सरकारी तंत्र के दायरे के बाहर इस तरह का 'सोशल ऑडिट' करवाना अपनी प्राथमिकता में रखेगा। चूंकि चुनावी सभा में हर दल के नेता बार-बार 'जवाबदेही' और 'पारदर्शिता' पर जोर देते हैं, इसलिए निर्वाचित होने के बाद उन्हें यह सुझाव अवश्य ही पसंद आएगा। आशा की जानी चाहिए कि आने वाले समय में देश के कोने-कोने से जागरूक नागरिकों द्वारा प्रधानमंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्रियों को ऐसा 'सोशल ऑडिट' करवाने के लिए आह्वान किया जाएगा। इससे देश में नई चेतना और राष्ट्रवाद का संचार होगा। भ्रष्टाचार पर लगाम भी कसेगी। जनहित की योजनाओं की घोषणाएं भी कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर सफल होती नजर आएंगी।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Union Budget should focus on growth, equity and job creation

THE Union Budget is set to be presented later this month. It should be guided by two important considerations: India's aspiration to become a developed country by 2047, and the Lok Sabha election verdict, which seems to have been impacted by growing inequalities, rural distress and unemployment. Since 2014, the Union Budget has followed a vision guided by four pillars — fiscal prudence, building state-of-the-art infrastructure, achieving a higher growth trajectory and welfarism. The Finance Minister (FM) needs to recalibrate these pillars by according priority to high growth, equity and employment. Fiscal prudence and world-class infrastructure may be used as instruments to achieve these pillars, while welfarism may be taken care of with equity.

